twitter.com/divyadelhi facebook.com/divyadelhi infodivyadelhi@gmail.com Editor: Rajesh Chauhan

RNI No. DELHI/2013/54397

DD

# दिव्य दिल्ली

divyadelhi.com | रविवार, 17 अगस्त, 2025 | वर्ष: 12, अंक: 270, पृष्ठ: 08 | ₹ 05/- | दिल्ली से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

## भारत विश्व की फार्मेसी: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

### पीएम ने सुझाया नवाचार का नुस्खा; नए शोध एवं विकास के साथ पेटेंट पर दिया विशेष जोर

**नई दिल्ली**

देश को आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फार्मा उद्योग को भी """नवाचार का नुस्खा""" सुझाया। """विश्व की फार्मेसी""" कहे जाने वाले भारत की क्षमताओं को उल्लेखित करने के लिए उन्होंने याद दिलाया कि किस तरह कोराना के संक्रमण काल में आपदा को अवसर बनाते हुए भारत ने मानव जाति का कल्याण किया। प्रधानमंत्री ने फार्मा उद्योग से जुड़े युवाओं को उत्साहित-प्रेरित करते हुए कहा- वैक्सीन में हम नए-नए रिकॉर्ड स्थापित करते हैं, लेकिन क्या समय की मांग नहीं है कि हम शोध एवं विकास में और ताकत लगाएं? हमारे अपने पेटेंट हों।

दवा उत्पादन और निर्यात में वृद्धि के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बीच पीएम का यह प्रोत्साहन उस फार्मा उद्योग को """मोरल बूस्टर डोज""" दे सकता है, जिसने बीते एक दशक में निर्यात के आंकड़े में 16.9 बिलियन डालर से 30.4 बिलियन डॉलर तक की छलांग लगाई है। भारत के फार्मा उद्योग को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने के पीछे प्रधानमंत्री मोदी ने मानव कल्याण को भी आधार बनाया। कहा कि हमारी अपनी बनाई हुई सस्ते से सस्ती और सबसे कारगर नई-नई दवाइयों का शोध हो और संकट में साइड इफेक्ट के बिना मानव जाति के कल्याण में काम आए।




### भारत को विश्व की फार्मेसी कहा जाता है

"""इंडिया ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन""" के अनुसार, भारत दुनिया में कम लागत वाले टीकों के सबसे बड़े आपूर्तिकताओं में से एक है। कम कीमत और उच्च गुणवत्ता के कारण भारतीय दवाइयों को दुनिया भर में पसंद किया जाता है। इसी कारण से भारत को """विश्व की फार्मेसी""" कहा जाता है। कारोबारी दृष्टिकोण से इसके आगे बढ़ने की संभावना इसलिए भी मजबूत है, क्योंकि भारत फार्मा क्षेत्र में पारंपरिक रूप से काफी मजबूत रहा है, जहां निर्माण की लागत कम है।

**वैक्सीन हमारी अपनी चाहिए तो देश ने करके दिखाया- पीएम**

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा- मैं यह इसलिए कहने की हिम्मत करता हूं, क्योंकि मुझे देश के नौजवानों के साम?र्थ्य पर भरोसा है। भरोसा सिर्फ इसलिए नहीं है कि वह मेरे देश के नौजवान है। कारण बताया कि कोविड के समय हम बहुत सारी चीजों पर निर्भर थे। जब मेरे देश के नौजवानों को कहा गया कि वैक्सीन हमारी अपनी चाहिए तो देश ने कर-के दिखाया। कोविन प्लेटफार्म हमारा अपना होना चाहिए तो देश ने करके दिखाया। करोड़ों-करोड़ों लोगों की जिंदगी बचाने का काम हमने किया है। वही जज्बा चाहिए, हमें जीवन के हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए अपना सब कुछ देना है, अपना जो बेस्ट है, हमें देखकर के रहना है।

### उर्वरकों में आत्मनिर्भरता का संकल्प



**नई दिल्ली**

आत्मनिर्भर भारत के व्यापक विजन में उन्होंने उर्वरक उत्पादन को तरजीह देते हुए स्पष्ट किया कि देश अब पराश्रित रहने की स्थिति से बाहर निकलना चाहता है।

**खाद्य सुरक्षा के लिए उर्वरक में भी आत्मनिर्भर होना जरूरी**

रक्षा एवं ऊर्जा क्षेत्र में स्वावलंबन के प्रयासों की तरह खाद्य सुरक्षा के लिए उर्वरक में भी आत्मनिर्भर होना जरूरी है, ताकि विदेशी दबाव से किसानों को मुक्त किया जा सके। उन्होंने यह भी साफ किया कि खेती की लागत घटाना ही सिर्फ लक्ष्य नहीं है, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सस्ती खाद भी उपलब्ध कराना है। भारत में प्रत्येक साल लगभग 601 लाख टन से ज्यादा उर्वरक की खपत होती है, जबकि घरेलू उत्पादन करीब 500 लाख टन है। जाहिर है, लगभग सौ लाख टन से ज्यादा आयात करना पड़ता है। हालांकि यूरिया उत्पादन में देश लगभग 87 प्रतिशत आत्मनिर्भर हो गया है और एनपीके का 90 प्रतिशत उत्पादन घरेलू है।

## 'मिशन मोड' में शुरू होगा समुद्र के भीतर से तेल निकालने का काम

**नई दिल्ली**

पिछले दो दशकों के दौरान घरेलू क्षेत्र में तेल व गैस के भंडार खोजने के लिए अभियान का बहुत ही उत्साहजनक परिणाम नहीं दिखा है। भारत अपनी कुल तेल खपत का 87 फीसद आयात करता है।

**समुद्र के भीतर तेल व गैस के भंडार खोजने घोषणा**

ऐसे में लाल किले से स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर अपने भाषण में पीएम नरेन्द्र मोदी ने गहरे समुद्र के भीतर तेल व गैस के भंडार खोजने के काम को मिशन मोड पर शुरू करने की घोषणा की है। हाल के समय में पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने अंडमान निकोबार क्षेत्र में बड़े हाइड्रोकार्बन भंडार मिलने के संकेत दिए हैं, इसको देखते हुए पीएम मोदी की घोषणा काफी अहम माना जा रहा है। अभी भारत अपनी जरूरत के लिए रूस से काफी तेल खरीद रहा है जिसकी वजह से अमेरिका से रिश्ते खराब हो रहे हैं। तेल व गैस उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की कोशिश को इससे भी जोड़ कर देखा जा रहा है।

**देश ऊर्जा सुरक्षा में आत्मनिर्भर होगा**



यही वजह है कि पीएम मोदी ने अपने भाषण में दो बार इस बात का जिक्र किया कि विदेशों से ऊर्जा आयात करने पर देश को कितनी ज्यादा राशि खर्च करनी पड़ रही है और इसका समाधान तभी होगा जब देश ऊर्जा सुरक्षा में आत्मनिर्भर होगा। पहले उन्होंने कहा कि हम एनर्जी के लिए बहुत सारे देशों पर निर्भर हैं, पेट्रोल-डीजल-गैस आयात पर लाखों करोड़ रुपये खर्च करने पड़ते हैं। लाखों करोड़ रुपए हमें खर्च करके लाना पड़ता है। हमें इस संकट से देश को आत्मनिर्भर बनाना, ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनाना बहुत जरूरी है। 11 वर्ष में सोलर एनर्जी 30 गुणा बढ़ी है।

**भारत परमाणु ऊर्जा के लिए 10 नये रिएक्टरों पर काम हो रहा है**

पनबिजली का विस्तार हो रहा है, मिशन ग्रीन हाइड्रोजन में हजारों करोड़ रुपए निवेश हो रहे हैं। परमाणु ऊर्जा की क्षमता दस गुणा बढ़ाने का संकल्प लिया गया है। परमाणु ऊर्जा के लिए 10 नये रिएक्टरों पर काम हो रहा है। इसके बाद उन्होंने फिर से तेल व गैस आयात पर होने वाले भारी भरकम खर्चे का जिक्र करते हुए कहा कि ह्लअगर हम ऊर्जा में दूसरों पर निर्भर नहीं होते यह धन नौजवानों के भविष्य, गरीबी के खिलाफ लड़ाई लड़ने, देश के किसानों के कल्याण में, गांव की परिस्थितियों को बदलने में काम आता, लेकिन हमें विदेशों को देना पड़ता है।

### हिमाचल: कुलपति नियुक्तियों को लेकर राज्यपाल-सरकार में टकराव बढ़ा

**शिमला**

हिमाचल प्रदेश में कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर एक बार फिर राज्यपाल और सरकार आमने-सामने आ गए हैं। मामला हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर और बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी, सोलन का है। इन दोनों विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर सरकार और राजभवन के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है। दरअसल, राजभवन की ओर से दोनों विश्वविद्यालयों में कुलपति नियुक्त करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। सरकार ने इस प्रक्रिया को रद्द कर दिया, लेकिन इसके बावजूद राजभवन ने आवेदन की अंतिम तिथि को आगे बढ़ा दिया। इस बीच, एक याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने अंतरिम आदेश पारित कर नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक लगा दी। इधर, सरकार ने दोनों विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति को लेकर विधानसभा में संशोधन विधेयक पारित कर राज्यपाल की मंजूरी के लिए भेजा था। लेकिन राज्यपाल ने इस विधेयक पर आपत्तियां जताते हुए इसे वापिस भेज दिया, जिससे दोनों संवैधानिक संस्थाओं के बीच विवाद और गहरा गया।

### किश्तवाड़: समन्वित बचाव और राहत अभियान जारी

**किश्तवाड़**

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के एक सुदूर गाँव चशोती में शनिवार को लगातार तीसरे दिन समन्वित बचाव और राहत अभियान जारी रहा जहाँ 60 लोगों की जान चली गई और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं।

### अटल जी का जीवन हमेशा प्रेरणा देता रहेगा: सीएम धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व प्रधानमंत्री "भारत रत्न" अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अटल जी का जीवन देशभक्ति, समर्पण और सेवा का अनुपम उदाहरण है, जो हमें सदैव राष्ट्र निर्माण के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा।



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर, मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर दर्शन पूजन करते हुए।

## पूर्व पीएम वाजपेयी की पुण्यतिथि: 'सदैव अटल' पहुंच राष्ट्रपति और पीएम ने श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली**

दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर सदैव अटल में पुष्पांजलि अर्पित की। बता दें कि आज भारत के पूर्वप्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपयी की पुण्यतिथि है। पीएम मोदी के अलावा अन्य नेताओं ने भी पूर्व पीएम वाजपयी को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

**पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को पीएम मोदी ने किया याद**



इससे पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी ने एक पोस्ट किया। इस पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा कि अटल जी को उनकी पुण्यतिथि पर शत-शत नमन। भारत की सर्वांगीण प्रगति के प्रति उनका समर्पण और सेवाभाव सभी को एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करता रहेगा।

**राष्ट्रपति मुर्मु ने भी अर्पित की श्रद्धांजलि**

बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु भी आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपयी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**रक्षामंत्री ने भी अर्पित की श्रद्धांजलि**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्री ने पूर्व पीएम वाजपयी को एक सशक्त और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए उनके आजीवन प्रयासों को याद किया । राजनाथ सिंह ने कहा कि राष्ट्र उनके अभूतपूर्व योगदान को सदैव याद रखेगा।

## भारत विभाजन पर एनसीईआरटी का नया कंटेंट

### कांग्रेस, जिन्ना और माउंटबेटन को दोषी बताया



**नई दिल्ली**

एनसीईआरटी ने क्लास 6 से 8 और 9 से 12 के लिए 2 नए मॉड्यूल जारी किए हैं। नियमित किताबों से अलग ये मॉड्यूल्स देश के बंटवारे की विभीषिका पर आधारित हैं। इसमें मोहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस पार्टी और लॉर्ड माउंटबेटन को बंटवारे का दोषी बताया गया है। मॉड्यूल बताता है कि जिन्ना ने बंटवारे की मांग की, कांग्रेस ने इसे स्वीकार कर लिया और माउंटबेटन ने इसे लागू कर दिया। ये जानकारी 'विभाजन के दोषी' टॉपिक में जोड़ी गई है। मॉड्यूल में देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के एक भाषण का अंश भी शामिल किया गया है। नेहरू ने कहा था, 'हम एक ऐसी स्थिति पर आ गए हैं जहां हमें या तो विभाजन को स्वीकार करना होगा या निरंतर संघर्ष और अराजकता का सामना करना होगा।'

**कश्मीर में आतंकवाद का जिक्र भी शामिल**

मॉड्यूल के अनुसार, 1947 और 1950 के बीच, विभाजन ने भारत की एकता को खंडित किया, शत्रुतापूर्ण सीमाएं बनाईं, सामूहिक हत्याएं और विस्थापन को बढ़ावा दिया। सांप्रदायिक अविश्वास को गहरा किया। पंजाब और बंगाल की अर्थव्यवस्थाओं को तबाह कर दिया। जम्मू-कश्मीर को सामाजिक, आर्थिक और जनसंख्या के तौर पर पतन के रास्ते पर डाल दिया। यह बाद में आतंकवाद के कारण और भी बदतर हो गया। एनसीईआरटी के स्पेशल मॉड्यूल कोर्स का हिस्सा नहीं होते, ये सप्लीमेंट्री मटेरियल होता है।

## मुनीर की परमाणु धमकी से कोई डरने वाला नहीं: राम माधव

**नई दिल्ली**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेता राम माधव ने पाकिस्तान आर्मी चीफ असीम मुनीर को करारा जवाब दिया है। भारत को परमाणु की धमकी देने पर राम माधव ने कहा कि इस गीदड़भभकी से कोई नहीं डरता है। भारत भी ऐसी कदमों पर तगड़ा पलटवार करने की ताकत रखता है। पाक आर्मी चीफ असीम मुनीर ने कुछ दिन पहले अमेरिकी दौरे पर भारत परमाणु की धमकी दी थी, जिसपर विदेश मंत्रालय ने भी सख्त प्रतिक्रिया व्यक्त की थी।




**मुनीर को दिया जवाब**

असीम मुनीर को मुंहतोड़ जवाब देते हुए राम माधव ने कहा, "मुनीर की परमाणु धमकी से कोई डरने वाला नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका करारा जवाब दिया है। भारत में कोई न्यूक्लियर ब्लैकमेल से नहीं डरेगा। अगर सचमुच ऐसी कोई परिस्थिति आई तो भारत के पास भी पलटवार करने की ताकत है।" असीम मुनीर ने यह धमकी अमेरिका में दी थी, जिसपर प्रतिक्रिया देते हुए राम माधव कहते हैं- राष्ट्रपति ट्रंप को समझना मुश्किल है। वो लेन-देन करने वाले व्यक्ति हैं। जैसे सभी देश अपने तरीके से ट्रंप से डील कर रहे हैं, वैसे भारत भी अपने तरीके से उनसे निपटेगा। ट्रंप के बारे में बात करते हुए राम माधव कहते हैं, "हम ट्रंप के स्टाइल को नहीं समझते हैं। ट्रंप ने पहले उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन से भी दोस्ती बढ़ाई थी। सिंगापुर में दोनों की मुलाकात हुई थी।

## उत्तराखंड के कुछ जिलों में मूसलाधार बारिश जारी, नदियां उफान पर

### कई स्थानों पर भूस्खलन से सड़के बंद

**देहरादून।** उत्तराखंड में बारिश सिलसिला जारी है। पहाड़ों से लेकर मैदान तक हो रही बारिश अब आफत बनती जा रही है। नदियां उफान पर हैं और कई स्थानों पर भूस्खलन से सड़के बंद हैं। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार शनिवार को राज्य के देहरादून, बागेश्वर व नैनीताल जनपदों में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है।

उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, पिथौरागढ़, चम्पावत एवं पौड़ी जनपदों में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है। राज्य के सभी जनपदों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने, वर्षा के तीव्र से अति तीव्र दौर होने की संभावना है। मौसम पूवार्नुमान के अनुसार आसमान में आमतौर पर बादल छाए रहेंगे।

## परमिट राज ने सेमीकंडक्टर कार्यों पर लगाई रोक: अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि फेयरचाइल्ड के संस्थापक रॉबर्ट नायस 1964 में भारत आए थे, लेकिन कांग्रेस के "लाइसेंस परमिट राज" ने सेमीकंडक्टर प्लांट स्थापित करने की अनुमति नहीं दी। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री वैष्णव ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए यह टिप्पणी की।

**पीएम मोदी बोले- सेमीकंडक्टर के विचार की भ्रूण हत्या की गई**

दरअसल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि देश में सेमीकंडक्टर के बारे में विचार 50-60 साल पहले शुरू हुआ था, लेकिन यह फाइलों में ही अटका रहा। सेमीकंडक्टर के विचार की "भ्रूण हत्या" हो गई। देश ने 50-60 साल गंवा दिए। हमारे बाद, आज कई देशों ने सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में महारत हासिल कर ली है।



"फेयरचाइल्ड के संस्थापक रॉबर्ट नायस 1964 में भारत आए थे, लेकिन कांग्रेस के "लाइसेंस परमिट राज" ने सेमीकंडक्टर प्लांट स्थापित करने की अनुमति नहीं दी"

**भारत में बनी पहली सेमीकंडक्टर चिप जल्द बाजार में आएगी**

पीएम मोदी ने कहा कि देश अब अतीत के बोझ से मुक्त हो चुका है और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में मिशन मोड में आगे बढ़ रहा है। भारत में बनी पहली सेमीकंडक्टर चिप इस साल के अंत तक बाजार में आ जाएगी। मोदी के भाषण के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पलटवार करते हुए कहा, यह एक और उदाहरण है कि मोदी कितने झूठे हैं। चंडीगढ़ में स्थापित सेमीकंडक्टर कॉम्प्लेक्स लिमिटेड ने 1983 में परिचालन शुरू कर दिया था।

**भारत की बजाय हांगकांग में इंटेल की स्थापना की गई**

वैष्णव ने जयराम रमेश को जवाब देते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया, फेयरचाइल्ड के संस्थापक रॉबर्ट नायस 1964 में भारत आए थे। कांग्रेस के लाइसेंस परमिट राज ने सेमीकंडक्टर संयंत्र लगाने की इजाजत नहीं दी। वह हांगकांग गए। फिर इंटेल की स्थापना की। बाकी सब इतिहास है। इंटेल ने भारत में सेमीकंडक्टर यूनिट स्थापित करने की 2005-06 में फिर कोशिश की, लेकिन तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की नीतिगत निष्क्रियता के कारण इसे एक बार फिर अनुमति नहीं मिली।

कमर्शियल स्तर के एक सिलिकान फैब की क्षमता 20 हजार-40 हजार वेफर स्टार्ट प्रति माह है, जबकि मोदी सरकार 50 हजार वेफर स्टार्ट प्रति माह क्षमता वाला सिलिकॉन फैब बना रही है।

**छह सेमीकंडक्टर यूनिट विभिन्न चरणों में**

छह सेमीकंडक्टर यूनिट (एक फैब और पांच एटीएमपी) योजना, निर्माण और कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

# पद्मश्री सुदर्शन पटनायक ने रक्षाबंधन पर बनाई भगवान जगन्नाथ की अद्भुत रेत मूर्ति

एजेंसी

**पुरी।** विश्व प्रसिद्ध सैंड आर्टिस्ट और पद्मश्री सम्मानित सुदर्शन पटनायक ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर एक बार फिर अपनी कला का जादू बिखेरा है। उन्होंने पुरी के समुद्र तट पर भगवान जगन्नाथ की रेत से एक आकर्षक मूर्ति बनाई है, जो भक्ति, सांस्कृतिक गौरव और देशभक्ति का अनूठा संगम प्रस्तुत करती है। यह 6 फीट ऊंची रेत मूर्ति न केवल कला का उत्कृष्ट नमूना है, बल्कि एक सामाजिक संदेश भी समेटे हुए है। इस खास कलाकृति में सुदर्शन पटनायक ने महाप्रभु जगन्नाथ को 'पद्मवेश' यानी कमल की पोशाक में खूबसूरती से चित्रित किया है। मूर्ति को राखी के रूपांकन में डिजाइन किया गया है, जो रक्षाबंधन के प्रेम और सुरक्षा के बंधन को प्रतीकात्मक रूप से दर्शाता है। इस रेत मूर्ति के साथ 'जय जगन्नाथ' और 'रक्षाबंधन की शुभकामनाएं' जैसे भावपूर्ण संदेश लिखे गए हैं, जो दर्शकों के मन को छूते हैं। इसके साथ ही, ÷स्वदेशी अपनाएं÷ का संदेश नागरिकों से स्थानीय उत्पादों का समर्थन करने की अपील करता है।

इस पहल के बारे में बात करते हुए सुदर्शन पटनायक ने कहा, रक्षाबंधन के अवसर पर हमने महाप्रभु जगन्नाथ की एक अद्भुत रेत मूर्ति बनाई है। यह रेत मूर्ति मेरे लिए केवल एक कला नहीं, बल्कि भक्ति और देशभक्ति का एक माध्यम है।




यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के अपील को भी बढ़ावा देता है। यह हमें अपने देश में बनी वस्तुओं के उपयोग और प्रचार के लिए प्रोत्साहित करता है। रक्षाबंधन जैसे पवित्र त्योहार पर यह मूर्ति भाई-बहन के प्रेम के साथ-साथ स्वदेशी के प्रति जागरूकता का संदेश देता है। यह रेत मूर्ति पुरी समुद्र तट पर आने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का केंद्र बन गया है। सुदर्शन पटनायक की यह कृति न केवल रक्षाबंधन के पवित्र बंधन को बल्कि स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूकता को भी बढ़ावा देता है।

# भारतीय लोकतंत्र को बचाने के लिए 'करो या मरो' अभियान पर निकलना होगा- केसी वेणुगोपाल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार चुनाव आयोग पर इलेक्शन में गड़बड़ी का आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस अब चुनाव आयोग को घेरने की तैयारी कर रही है। इसे लेकर कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने जानकारी दी है। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि जिस तरह बापू ने भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान 'करो या मरो' का आह्वान किया था, उसी तरह आज हमें भारतीय लोकतंत्र को बचाने के लिए 'करो या मरो' के अभियान पर निकलना होगा।



उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा उजागर किए गए मतदाता सूची में हेराफेरी और चुनावी धोखाधड़ी के खिलाफ पार्टी के आगे के राष्ट्रव्यापी अभियान पर चर्चा करने के लिए, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिवों, प्रभारियों और प्रमुख संगठन प्रमुखों की एक बैठक 11 अगस्त को शाम 4:30 बजे नई दिल्ली स्थित 24 अकबर रोड पर होगी। इस बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे। केसी वेणुगोपाल ने आगे कहा कि देश भर की प्रदेश कांग्रेस समितियां 9 अगस्त को इस चुनावी धोखाधड़ी में भाजपा-चुनाव आयोग की सांठगांठ को उजागर करने के लिए राज्य मुख्यालयों पर राहुल गांधी की ऐतिहासिक प्रेस कॉन्फ्रेंस का प्रदर्शन करेंगी।

# कैबिनेट : केन्द्र की मेरिट योजना को बजटीय सहायता को मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 4,200 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ बहुविषयक शिक्षा और तकनीकी शिक्षा में अनुसंधान सुधार (मेरिट) योजना के लिए बजटीय सहायता को मंजूरी दी है। इस योजना का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एनईपी-2020) के अनुरूप राज्यों में तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता, समानता और प्रशासन में सुधार लाना है। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह एक 'केंद्रीय क्षेत्र योजना' है। इसका कुल वित्तीय भार 2025-26 से 2029-30 की अवधि के लिए 4200 करोड़ रुपये होगा। 4200 करोड़ रुपये में से विश्व बैंक से ऋण के रूप में 2100 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त होगी। इसके अलावा 175 इंजीनियरिंग संस्थानों और 100 पॉलिटेक्निक संस्थानों सहित 275 तकनीकी संस्थानों में 'तकनीकी शिक्षा में योजना के कार्यान्वयन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। इस योजना के अंतर्गत अनुमानित 275 सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त तकनीकी संस्थानों का चयन और समर्थन किए जाने की उम्मीद है। इसमें चुनिंदा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), राज्य इंजीनियरिंग संस्थान, पॉलिटेक्निक और संबद्ध तकनीकी विश्वविद्यालय (एटीयू) शामिल होंगे। इसके अलावा तकनीकी शिक्षा क्षेत्र को संभालने वाले राज्यों के विभागों को भी मेरिट योजना के माध्यम से सहायता प्रदान की जाएगी। इसके अलावा, इस योजना से लगभग 7.5 लाख छात्र लाभान्वित होंगे।

# पीएम मोदी ने रक्षाबंधन पर देशवासियों को दी बधाई; भारत छोड़ो आंदोलन में शामिल लोगों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षाबंधन के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। अपने संदेश में उन्होंने भाई-बहन के बीच के बंधन को मजबूत करने में इस त्योहार के महत्व पर जिक्र किया। प्रधानमंत्री मोदी ने 'X' पर लिखा, 'रक्षा बंधन के विशेष अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं।'

**अमित शाह ने भी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं**

इसके अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी भाई-बहन के बीच प्रेम और विश्वास के अटूट बंधन का प्रतीक रक्षा बंधन के पावन पर्व पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। शाह ने कहा, 'भाई-बहन के बीच



प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के अटूट बंधन को समर्पित रक्षा बंधन के पावन पर्व पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि यह पर्व सभी के जीवन में आनंद और उत्साह का स्रोत बने।'

**'भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक यह त्योहार हमारे भीतर रक्षा की भावना को और सुदृढ़ करे'**

इसी प्रकार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए पोस्ट किया, 'रक्षाबंधन के पावन अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। यह त्योहार केवल राखी के धागे की पवित्रता का ही नहीं, बल्कि हमारी बहनों के सम्मान, सुरक्षा और सुख-समृद्धि की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक यह त्योहार हमारे भीतर रक्षा की भावना को और सुदृढ़ करे, यही ईश्वर से मेरी प्रार्थना है।'

**ध्भारत छोड़ो आंदोलन' में शामिल लोगों को श्रद्धांजलि दी**

इस बीच प्रधानमंत्री मोदी ने 'भारत छोड़ो आंदोलन' की 83वीं वर्षगांठ पर इसमें भाग लेने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनके साहस ने देशभक्ति की एक ऐसी चिंगारी जलाई, जिसने अनगिनत लोगों को आजादी की तलाश में एकजुट किया। उन्होंने कहा, 'हम उन सभी बहादुर लोगों को गहरी कृतज्ञता के साथ याद करते हैं, जिन्होंने बापू के प्रेरक नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया। उनके साहस ने देशभक्ति की एक ऐसी चिंगारी जलाई, जिसने अनगिनत लोगों को आजादी की तलाश में एकजुट किया।'

# झारखंड के सेरीकेला-खरसावां में मालगाड़ी पटरी से उतरी, प्रभावित

**सेरीकेला-खरसावां।** झारखंड के सेरीकेला-खरसावां जिले में चांडिल के पास शनिवार तड़के एक मालगाड़ी बेपटरी हो गई। बताया गया कि मालगाड़ी के 20 से ज्यादा डिब्बे पटरी से उतर गए। इससे दक्षिण पूर्व रेलवे के चांडिल-टाटानगर खंड के बीच रेल सेवाएं प्रभावित हुईं। एक अधिकारी ने बताया कि इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक (आद्रा मंडल) विकास कुमार ने बताया कि दुर्घटना के कारण चांडिल से अप और डाउन दोनों ट्रैक पर रेल सेवाएं प्रभावित हुई हैं। मरम्मत का काम चल रहा है। कई ट्रेनें रद्दःअधिकारी ने बताया कि कई एक्सप्रेस और मेल ट्रेनों का या तो मार्ग बदल दिया गया है। कई को बीच में ही रोक दिया गया या रद्द कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि 20894 पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस, 28181 टाटानगर-कटिहार एक्सप्रेस, 28182 कटिहार-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द कर दी गई है।



# चुनाव आयोग ने ईसीआई की वेबसाइट बंद किए जाने के राहुल गांधी के दावों को किया खारिज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के उन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की वेबसाइट बंद है और उस पर उपलब्ध वोटर लिस्ट गायब है।

भारत निर्वाचन आयोग ने प्रेस नोट जारी कर कहा कि चुनाव आयोग की वेबसाइट में कोई समस्या नहीं है। लॉन्च के बाद से ही यह सुचारू रूप से कार्य कर रही है। दिन भर निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के ठीक से काम न करने के बारे में कुछ अफवाहें और निराधार आरोप लगाए जा रहे थे, जिससे अनावश्यक भ्रम की स्थिति पैदा हो रही थी। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव आयोग की वेबसाइट लॉन्च होने के बाद से ही बिना किसी समस्या के काम कर रही है



और वर्तमान में भी चालू है। सीईओ वेबसाइट्स (यूपी, बिहार, महाराष्ट्र, हरियाणा और राजस्थान) भी ठीक से काम कर रही हैं, क्योंकि वे ईसीआई की प्राथमिक साइट से जुड़ी हुई हैं।इससे पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग मुझसे हलफनामा मांगता है। वो कहता है कि मुझे शपथ लेनी होगी। मैंने संसद में संविधान की शपथ ली है। आज जब देश की जनता हमारे डेटा को लेकर सवाल पूछ रही है तो चुनाव आयोग ने वेबसाइट ही बंद कर दी। चुनाव आयोग जानता है कि जनता उनसे सवाल पूछने लगी तो उनका पूरा ढांचा ढह जाएगा।

साथ ही उन्होंने चुनाव आयोग से 5 सवाल पूछे और कहा कि देश जवाब चाहता है। पहला, विपक्ष को डिजिटल वोटर लिस्ट क्यों नहीं मिल रही? क्या छिपा रहे हो? दूसरा, सीसीटीवी और वीडियो सबूत मिटाए जा रहे हैं, क्यों? किसके कहने पर? तीसरा, फर्जी वोटिंग और वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की गई, क्यों? चौथा, विपक्षी नेताओं को धमकाना, डराना, क्यों? पांचवां, साफ-साफ बताओ, क्या ईसीआई अब भाजपा का एजेंट बन चुका है? राहुल गांधी ने आगे कहा कि भारत का लोकतंत्र बेशकीमती है, इसकी चोरी का अंजाम बहुत भयानक होगा। अब जनता बोल रही है, बहुत हुआ।

# फिलहाल जोरदार बारिश से राहत के आसार नहीं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विभिन्न इलाकों में भारी मानसूनी बारिश लगातार जारी है। प्रयागराज, वाराणसी, बदायूं, उन्नाव, कानपुर समेत उत्तर से दक्षिण तक प्रदेश के लगभग 24 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। मौसम विभाग की मानें तो बारिश से फिलहाल एक हफ्ते राहत की उम्मीद नहीं है। बंगाल की खाड़ी में उठी हलचल और उत्तरी उड़ीसा में चक्रवाती परिसंचरण के असर से 11 अगस्त से दोबारा प्रदेश के विभिन्न इलाकों में भारी बारिश का दौर शुरू होने के संकेत हैं। गोंडा, बहराइच, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, अयोध्या आदि जिलों में घनघोर बारिश देखने को मिली। गोंडा में सर्वाधिक 210 मिमी बारिश रिकार्ड की गई। वहीं अयोध्या में 170 मिमी, बहराइच और सुल्तानपुर में 160 मिमी बारिश हुई। 9 व 10 अगस्त को पश्चिमी यूपी में अच्छी बारिश के आसार हैं। शनिवार को प्रदेश के 30 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी है। वहीं 40 जिलों में गरज चमक के साथ वज्रपात की संभावना है।

# विधानसभा में दिल्ली स्कूल शिक्षा 'फीस निर्धारण और विनियमन में पारदर्शिता विधेयक 2025' पारित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में मानसून सत्र के दौरान दिल्ली स्कूल शिक्षा 'फीस निर्धारण और विनियमन में पारदर्शिता विधेयक 2025' बहुमत के साथ पारित हुआ। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सदन में कहा कि 'दिल्ली स्कूल शिक्षा 'फीस निर्धारण और विनियमन में पारदर्शिता विधेयक 2025' राजधानी के अभिभावकों के हक का पहरेदार है। उन्होंने यह भी कहा कि यह विधेयक शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता लाएगा और जनता में विश्वास पैदा करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह विधेयक राजधानी के लाखों अभिभावकों के अधिकारों की रक्षा करने वाला एक यथार्थपरक और निर्णायक कानून है। यह विधेयक न केवल निजी स्कूलों की मनमानी पर लगाम लगाएगा, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, न्याय और जवाबदेही की नई बुनियाद रखेगा। सदन में यह विधेयक बहुमत के आधार पर पारित कर दिया गया। सदन में शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने भी विधेयक के बारे में विस्तृत जानकारी दी और विपक्ष के आरोपों को बेबुनियाद और झूठा करार दिया।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा में दिल्ली के अभिभावकों के दिल के दर्द और भावनाओं को उकेरा और कहा कि इस विधेयक को लाने के लिए वह शिक्षा मंत्री आशीष सूद को बधाई देती हैं, जिन्होंने इतने कम समय में विभिन्न शिक्षा विशेषज्ञों, संगठनों, अभिभावकों आदि से चर्चा कर इसे तैयार किया। मुख्यमंत्री ने



कहा कि दिल्ली में शिक्षा को एक दशक से जिस तरह 'शिक्षा क्रांति' के खोखले नारों के पीछे दबाया गया, वह अब उजागर हो चुका है। आम आदमी पार्टी के शासनकाल में स्कूलों की इमारतें अधूरी रहीं, शिक्षक नियुक्त नहीं हुए, और शिक्षा व्यवस्था भ्रष्टाचार के गर्त में चली गई। उन्होंने कहा कि आज जब अदालतें क्लासरूम घोटाले पर सवाल कर रही हैं, दिल्ली की पूर्व आप सरकार के पास सिवाय चुप्पी और दिखावे के कोई उत्तर नहीं है। मुख्यमंत्री ने इस विधेयक के तीन प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी और कहा कि यह प्रावधान स्कूल प्रबंधकों की मनमानी रोकेंगे, साथ ही अभिभावकों की भावनओं को मजबूत करेंगे। उन्होंने बताया कि फीस निर्धारण में पारदर्शिता- अब कोई भी निजी स्कूल अपनी मनमानी से फीस नहीं बढ़ा सकेगा। फीस तय करने के लिए स्कूल को अपनी लोकेशन, सुविधाएं, खर्च और शिक्षण स्तर जैसी जानकारियां प्रस्तुत करनी होंगी, और अनुमति प्राप्त करनी होगी। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति फीस बढ़ाने पर एक लाख रुपये से 10 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। यदि कोई स्कूल समय पर अतिरिक्त वसूली वापस नहीं करता, तो दंड की राशि दोगुनी कर दी जाएगी। बार-बार उल्लंघन करने पर मान्यता रद्द की जा सकती है और आवश्यकता पड़ने पर सरकार स्वयं स्कूल का संचालन करेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस विधेयक में अभिभावकों की भागीदारी मजबूत की गई है। विधेयक में त्रिस्तरीय नियामक प्रणाली प्रस्तावित है, जो इस प्रकार है- स्कूल स्तर पर समिति, जिला स्तर पर शिक्षा निदेशक की समिति, और राज्य स्तर पर स्वतंत्र अपीलीय न्यायाधिकरण। इन समितियों में माता-पिता, शिक्षक, प्रधानाचार्य और अधिकारी सभी को प्रतिनिधित्व मिलेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सदन को यह भी जानकारी दी कि यह विधेयक अभिभावकों को डर नहीं, अधिकार देता है।

# उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या की घटनाओं की रोकथाम के लिए वेबसाइट लॉन्च, हितधारकों से मांगे सुझाव

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देशभर के उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने और आत्महत्या की घटनाओं की रोकथाम के लिए गठित राष्ट्रीय टास्कफोर्स ने नई दिल्ली स्थित कौशल भवन में अपनी आधिकारिक वेबसाइट ntf.education.gov.in लॉन्च की। यह वेबसाइट छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों, मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों और आम नागरिकों से सुझाव प्राप्त करने तथा डेटा एकत्रित करने का एक समर्पित मंच है।

यह टास्कफोर्स सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर गठित की गई है और इसकी अध्यक्षता न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) एस. रवींद्र भट कर रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह टास्कफोर्स पहले की किसी समिति या टास्कफोर्स से अलग है क्योंकि यह केवल किसी एक संस्थान या श्रेणी तक सीमित न होकर, देश के सभी प्रकार के उच्च शिक्षा संस्थानों को अपने दायरे में लाती है। उन्होंने कहा कि टास्कफोर्स विभिन्न सामाजिक और शैक्षणिक पृष्ठभूमियों से विशेषज्ञों को एक साथ



लाकर इस चुनौतीपूर्ण विषय पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि देश भर में फैले 52,000 से अधिक संस्थानों तक पहुंच पाना आसान नहीं है, इसलिए वेबसाइट के माध्यम से देशभर से प्रतिक्रिया और अनुभव जुटाए जाएंगे।

भट ने स्पष्ट किया कि वेबसाइट पर प्राप्त सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और सुरक्षित सर्वर पर संग्रहित की जाएगी। वेबसाइट पर छात्रों, अभिभावकों, फैकल्टी, मानसिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और संस्थानों के लिए अलग-अलग सर्वे हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध हैं। उपयोगकर्ता इन्हें अपनी सुविधा के अनुसार एक बार में या चरणबद्ध रूप से भर सकते हैं।

वेबसाइट पर हेल्पलाइन नंबर, छात्र सहायता संसाधन, शिकायत निवारण प्रक्रियाएं और संस्थानों द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी भी साझा की जा रही है। टास्कफोर्स का उद्देश्य है कि सभी पक्षों से प्राप्त प्रतिक्रियाओं के आधार पर एक समग्र रिपोर्ट तैयार कर सर्वोच्च न्यायालय को सौंपी जाए, ताकि नीतिगत बदलाव लाए जा सकें।

# स्वतंत्रता दिवस को लेकर दिल्ली पुलिस मुख्यालय में अंतरराज्यीय समन्वय बैठक सम्पन्न

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आगामी स्वतंत्रता दिवस-2025 के मद्देनजर दिल्ली पुलिस मुख्यालय में अंतरराज्यीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस समारोह को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और बिना किसी व्यवधान के संपन्न कराने हेतु विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच सहयोग और समन्वय को मजबूत बनाना था। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता दिल्ली पुलिस आयुक्त एस.बी.के. सिंह ने की। बैठक में हरियाणा, पंजाब, उप्र, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान एवं चंडीगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों सहित विभिन्न केंद्रीय खुफिया व प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारी शामिल हुए। साथ ही दिल्ली पुलिस की विभिन्न इकाइयों – जैसे स्पेशल सेल, ट्रांसपोर्ट डिवीजन, लॉ एंड ऑर्डर, क्राइम, इंटेलिजेंस, प्रोटेक्टिव सिक्योरिटी, ट्रैफिक, रेलवे, मेट्रो, आईजीआई एयरपोर्ट आदि के संयुक्त आयुक्त व उपायुक्त स्तर के



अधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहे।

बैठक में प्रमुख बिंदुओं पर हुई चर्चामिली जानकारी के अनुसार

***आगामी स्वतंत्रता दिवस-2025 के मद्देनजर दिल्ली पुलिस मुख्यालय में अंतरराज्यीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया।***

खुफिया सूचनाओं का आदान-प्रदान और आतंक विरोधी तैयारियों की समीक्षा की गई, जिसमें सीमाओं पर कड़ी निगरानी, संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान व सत्यापन, तथा संभावित खतरों से निपटने की रणनीति शामिल थी। पैरा-ग्लाइडर्स, ड्रोन व अन्य उड़ने वाली वस्तुओं की गतिविधियों पर विशेष चर्चा हुई। इसके अलावा खुले इलाकों से संभावित उड़ानों को लेकर सतर्कता बरतने और आवश्यक प्रतिबंधों पर सहमति बनी। अंतरराज्यीय आपराधिक गिरोहों, अवैध हथियारों व मादक पदार्थों की आपूर्ति से जुड़ी घटनाओं पर चर्चा की गई और इन पर प्रभावी कार्रवाई के लिए समन्वित योजना बनाने का प्रस्ताव रखा गया। इसी क्रम में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान ट्रैफिक प्रतिबंधों को लेकर राज्यों को अवगत कराया गया और दिल्ली की सीमाओं पर अवैध घुसपैठ को रोकने हेतु विशेष सतर्कता की आवश्यकता बताई गई।

संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की गतिविधियों की पूर्व सूचना दिल्ली पुलिस को शीघ्र उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।दिल्ली पुलिस आयुक्त का दिशा-निर्देशपुलिस आयुक्त एस.बी.के. सिंह ने बैठक में संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली और एनसीआर में सक्रिय अंतरराष्ट्रीय अपराध सिंडिकेट के खिलाफ सभी एजेंसियों को तकनीक-आधारित कार्रवाई को प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने साझा कार्य योजना के तहत संगठित अपराध के विरुद्ध ठोस और समन्वित अभियान चलाने की अपील की। उन्होंने सभी राज्यों के प्रमुखों से आग्रह किया कि वे इस दिशा में पूर्ण सहयोग प्रदान करें ताकि स्वतंत्रता दिवस-2025 का आयोजन बिना किसी व्यवधान और पूर्ण सुरक्षा के साथ संपन्न हो सके।

# केंद्र सरकार ने बीते 9 वर्षों में 4 लाख से अधिक बैकलॉग रिक्तियों को भरा : जितेंद्र सिंह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालय ने बीते 9 वर्षों में (2016 से) करीब 4.8 लाख बैकलॉग रिक्तियों को भरा है। उन्होंने राज्यसभा में पूछे गए एक सवाल के लिखित जवाब में कहा कि सभी मंत्रालय में बैकलॉग समेत रिक्तियों को भरना एक सतत प्रक्रिया और यह लगातार चलती रहती है। केंद्रीय मंत्री ने आगे बताया कि केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों को समय-समय पर रिक्त पदों को समयबद्ध तरीके से भरने की सलाह दी गई है।जितेंद्र सिंह के अनुसार, केंद्रीय सरकार के पदों और सेवाओं में खुली प्रतियोगिता द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर सीधी भर्ती में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत, अनुसूचित जातियों को 15 प्रतिशत और अनुसूचित जनजातियों को 7.5 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, पदोन्नति में अनुसूचित जातियों को 15 प्रतिशत तथा अनुसूचित जनजातियों को 7.5 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों के मामले में सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों में 4 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाता है। सिंह ने कहा, रिक्तियों और भरे गए पदों का विवरण संबंधित मंत्रालयों, विभागों और संगठनों द्वारा रखा जाता है। इसके अतिरिक्त, जुलाई के मध्य में केंद्र सरकार की ओर से 16वां रोजगार मेला आयोजित किया गया था। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 51,000 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र वितरित किए।

संपादक की कलम से

## ट्रम्प की जिद से शेयर बाजार तबाह

शासक जिद्दी और अहंकारी हो तो वह तबाही लाता ही है; पर यदि वह अमेरिका जैसे देश का हो तो बबार्दी वैश्विक ही होगी, इसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने साबित कर दिखाया है। उनके द्वारा छेड़े गये टैरिफ वॉर ने अनेक देशों के शेयर मार्केट में बड़ी तबाही मचा दी है। जिन देशों की इकानॉमी ठोस मजबूती लिये हुए है, वहां तो इसका असर कम है लेकिन भारत जैसे देश में, जिसकी अर्थव्यवस्था आंकड़ों में तो भीमकाय है लेकिन पिछले कुछ समय से अनेक सेक्टरों में पिछड़ने और लोगों की आय में भारी गिरावट के कारण वह इस सुनामी का मुकाबला करने में नाकाम दिखाई देती है। सोमवार को जैसे ही शेयर बाजार खुला, उसमें वैश्विक घटनाक्रम का असर दिखा। कई देशों के खिलाफ अमेरिका द्वारा अपनाई गई रेसिप्रोकल टैरिफ नीति से आई अनिश्चितता से भारत के शेयर बाजार में बड़ी गिरावट दर्ज हुई। सेंसेक्स एवं निफ्टी दोनों में ही ऐसी बड़ी गिरावट देखी गयी कि इस दिन को ब्लैक मंडे का नाम दिया गया। बताया गया है कि शेयर मार्केट के अब तक के 5 सबसे बुरे दिनों में सोमवार का शुमार हो गया। हालांकि मंगलवार को आंशिक रिकवरी देखी गयी परन्तु आशंका है कि निवेशकों का बुरा दौर जल्दी खत्म नहीं होगा। शेयर मार्केट के जानकारों के साथ अर्थशास्त्रियों का कहना है कि भारतीय शेयर बाजार इसलिये जल्दी उठ नहीं पायेगा क्योंकि ट्रम्प ने जिन देशों पर सबसे ज्यादा टैरिफ ठोंका है, उनमें भारत भी है। चूंकि वैश्विक अर्थप्रणाली में कहीं भी होने वाली घटनाएं समग्र रूप से सभी देशों पर असर डालती है, विभिन्न देशों के साथ ट्रम्प का यह व्यवहार भारत पर भी असर डाल रहा है। ट्रम्प के इस कदम का अच्छा मुकाबला चीन कर रहा है इसलिये वह दुनिया भर के व्यवसायियों के लिये आशा का नया केन्द्र बनकर उभर रहा है। वैसे तो बौखलाये ट्रम्प ने चीन पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लागू करने की धमकी दी है लेकिन माना जाता है कि चीन का मैन्युफेक्करिंग सेक्टर इतना मजबूत है कि वह आसानी से अमेरिका को झेल जायेगा। समस्या भारत जैसे देश के लिये है जिसने अपने औद्योगिक आधार को बहुत कमजोर कर दिया है।

किसी भी महत्वपूर्ण मौकों पर भारत सरकार की चुप्पी इस बार भी दिखाई दे रही है। टैरिफ वॉर से देश कैसे निपटेगा और सरकार इस दिशा में क्या कर रही है, इसे लेकर वित्त मंत्रालय कोई संकेत नहीं दे रहा है। इससे भारतीय बाजार में आशंका के साथ घबराहट होनी स्वाभाविक है। विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में लाभ के प्रति बहुत आश्वस्त नहीं हैं। विशेषज्ञों की मानें तो वे लम्बे समय तक भारतीय बाजारों के उठने का इंतजार नहीं करेंगे। यदि विदेशी निवेशक टूटते हैं तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की अर्थव्यवस्था में लोगों का भरोसा खत्म होते वक्त नहीं लगेगा। इससे रिकवरी की प्रक्रिया और धीमी हो जायेगी। सरकार को बाजार के बचाव से सम्बन्धित कदम तुरन्त घोषित करने होंगे। फिलहाल तो लगता है कि सरकार ने शेयर बाजार तथा स्थानीय निवेशकों को उनके हाल पर छोड़ दिया है। वैसे भी पिछले लगभग 9 महीनों में शेयर बाजार बेहद कमजोर हुआ है। कई दिन ऐसे आये हैं जब निवेशकों ने एक-एक दिन में लाखों करोड़ों रुपये गंवाए हैं।

याद हो कि 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोगों से जमकर शेयर खरीदने का आग्रह किया था। उनका कहना था कि 4 जून (2024) को निकलने वाले नतीजों में भारतीय जनता पार्टी व उसके नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस को 400 से ज्यादा सीटें मिलने जा रही हैं जिससे निवेशकों को खूब फायदा होगा। इसके कारण लोगों ने जमकर खरीदारी की थी- खासकर उन कम्पनियों के शेयरों की जो भाजपा सरकार के नजदीकी लोगों की है। परिणाम विपरीत निकले। शेयर बाजार ऐसा धड़ाम हुआ कि निवेशकों की जेबें खाली हो गयीं। धूर्त कारोबारियों ने बेचते वक्त भी लाभ कमाया और जब बाजार गिरा तो खरीदारी करते हुए भी चांदी काटी। कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने की मंशा ही शेयर बाजार को कमजोर कर रही है। कम्पनियों में प्रतिस्पर्धा होने से निवेशक अलग-अलग कम्पनियों में पैसे डालते थे ताकि कहीं नुकसान हो तो कहीं लाभ भी हो जाये। अब तो कुछ ही कम्पनियां हैं जो लाभ दे रही हैं। यदि उनके शेयर गिरते हैं तो निवेशकों का पैसा डूबना लाजिमी है। ऐसा इसलिये क्योंकि सरकार थोड़े से कारोबारियों को प्रश्रय दे रही है। वे ही लाभ कमा रहे हैं और उनकी ही कम्पनियां अच्छा वित्तीय प्रदर्शन करती है। वे ही मार खा जायें तो निवेशकों को नुकसान तो होना ही है। सरकार जब मुठ्ठी भर व्यवसायियों को प्रश्रय देगी तो पूरा व्यवसाय जगत और सारा का सारा शेयर बाजार कुछ ही कम्पनियों पर निर्भर हो जाता है। यही हो रहा है। ऐसे नुकसान से शेयर बाजार को बचाना हो तो सरकार को कम्पनियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माहौल बनाना होगा। चंद कारोबारियों को संरक्षण व प्रोत्साहन देकर वह उन्हें चाहे अमीर बना रही हो परन्तु इससे ऐसी मजबूत अर्थव्यवस्था नहीं बन सकती जो बाहरी हलचलों से हिल जाये।

दरअसल, इस सरकार के पास अर्थशास्त्र की अच्छी समझ रखने वाले लोगों की बेहद कमी है। फिर, मोदीजी जैसे शासक अपने अदूरदर्शी कदमों से अर्थव्यवस्था को और भी कमजोर किये दे रहे हैं। उनके द्वारा लायी गयी नोटबन्दी और जीएसटी से देश अब तक उबरा नहीं है। देखना होगा कि शेयर बाजार में आई नयी सुनामी भारत का और कितना नुकसान करती है।

## गर्मियों में धूप में ज्यादा देर रहते हैं तो न करें ये गलतियां, बिगड़ सकती है सेहत

गर्मी बढ़ती जा रही है. ऐसे में उन लोगों की सेहत पर गंभीर प्रभाव पड़ सकते हैं जिन लोगों की फील्ड जॉब है या फिर जिन्हें किसी और कारण से ज्यादा देर तक धूप में रहना पड़ता है. ऐसे लोगों को अभी से सचेत हो जाना चाहिए और सतर्कता बरतनी चाहिए. क्योंकि यदि आप धूप में ज्यादा देर तक रहते हैं तो इसका गंभीर प्रभाव आपकी सेहत पर पड़ सकता है. ज्यादा देर धूप में रहने से डिहाइड्रेशन हो सकता है बल्कि नौबत अस्पताल में भर्ती होने तक भी आ सकती है. हीट स्ट्रोक का भी खतरा रहता है. हीट स्ट्रोक होने पर यदि कुछ ही देर में उपचार नहीं मिलता है तो व्यक्ति की मौत भी हो सकती है.

ज्यादा देर तक धूप में रहने वाले लोगों को कुछ खास सावधानियां बरतनी चाहिए. जिससे वह तेज धूप से होने वाले गंभीर नुकसान से बच सकें. सिर पर पड़ने वाली तेज घूप के कारण कुछ ही देर में आपको चक्कर आने की समस्या हो सकती है. तेज धूप में मति भ्रम और देखने की क्षमता भी प्रभावित होती है. तेज धूप के कारण सनबर्न का खतरा भी रहता है. इसके अलावा सबसे गंभीर खतरा हीट स्ट्रोक का रहता है. हीट स्ट्रोक में शरीर का तापमान 40 डिग्री से ज्यादा हो जाता है. हीट स्ट्रोक से मस्तिष्क, हृदय, गुर्दे और अन्य अंगों को गंभीर नुकसान हो सकता है. इसलिए ज्यादा देर धूप में रहना पड़े तो कुछ सावधानियां जरूर बरतनी चाहिए.

**यह सावधानियां बरतें**

यदि आप ज्यादा देर तक धूप में रहते हैं तो खुद को हाइड्रेट जरूर रखें. नींबू की बिना सोडे वाली शिकंजी आपको ज्यादा देर तक हाइड्रेट रहने में ज्यादा मदद कर सकती है. इसके साथ ही ज्यादा देर धूप में रहना पड़ता है तो सिर को ढक कर रखें. सिर पर तेज धूप पड़ने से माइंड के टिश्यू को भी नुकसान पहुंचता है. हल्के रंग के और ढीले कपड़े पहनें ताकि शरीर को गर्मी से बचाया जा सके.

**यह काम भूलकर भी न करें**

तेज घूप से से ऑफिस या घर पहुंचने पर तुरंत ठंडा पानी पीने से बचें. ज्यादा देर धूप में रहने के बाद तुरंत नहाने से भी बचें, इससे शरीर का तापमान बिगड़ सकता है और आप लू की चपेट में भी आ सकते हैं।

# एक बार फिर जलवायु परिवर्तन के परिणाम आर रहे सामने

**-ललित गर्ग-**

भारत में इस समय गर्मी एवं हीट वेव का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, खासकर उत्तर भारत के अनेक राज्यों विशेषतः गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा में अप्रैल के प्रारंभ में ही बढ़ती गर्मी एवं हीट वेव लोगों को अपनी चपेट में लेने लगी, कई शहरों में पारा 44-45 डिग्री तक चढ़ गया है। राजस्थान के बाडमेर में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जो चिन्ताजनक होने के साथ अनेक समस्याओं एवं परेशानियों का सबब है। लगातार बढ़ती गर्मी के आंकड़े एक बार फिर जलवायु परिवर्तन के परिणामों और इसकी वजह से खड़े हुए संकट को ही दर्शा रहे हैं। अधिक तापमान पानी की गंभीर कमी का कारण बन सकता है, कृषि को प्रभावित कर सकता है और विशेष रूप से घनी आबादी वाले क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जोखिम का कारण बन सकता है। भीषण गर्मी एवं लू का प्रकोप लोगों की सेहत, कार्य-क्षमता और उत्पादकता पर गंभीर खतरा है। विश्व बैंक के एक अध्ययन के मुताबिक, देश का करीब 75 फीसदी कार्यबल कृषि और निर्माण क्षेत्र में गर्मी का सीधे सामना करने वाले श्रम पर निर्भर करता है। इसके मुताबिक साल 2030 तक गर्मी के प्रकोप से जुड़ी उत्पादकता में गिरावट की वजह से दुनिया भर में कुल होने वाली नौकरियों के नुकसान में अकेले भारत का योगदान करीब 43 फीसदी तक हो सकता है।



इस बार बढ़ती गर्मी के पूराने सारे रेकॉर्ड तोड़ देने की चेतावनी दी जा रही हैं जो हमारे लिए चौंकाने से ज्यादा गंभीर चिंता की बात है। गुजरात एवं राजस्थन के अनेक स्थानों पर अभी से गर्मी इतनी तेज है कि कुछ ही दिनों में धरती तवे की तरह तपने लगेगी। पानी की कमी, बिजली कटौती और गर्म लू के कारण बीमारी के हालात गंभीर हो सकते हैं। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता, बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना मुश्किल होगा। सवाल यह है कि इस भीषण लू या यों कहें कि हीटवेव के लिए बहुत कुछ हम, हमारी सुविधावादी जीवनशैली और हमारा विकास का नजरिया भी जिम्मेदार है। आज शहरीकरण और विकास के नाम पर प्रकृति को विकृत करने में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी है। पेड़ों की खासतौर से छायादार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई एवं गांवों में हो या शहरों में आंख मींचकर कंक्रिट के जंगल खड़े करने की होड़ के दुष्परिणाम से ही गर्मी कहर बरपाती है और प्रकृति एवं पर्यावरण की विकरालता के रूप में सामने आती हैं। जल संग्रहण के परंपरागत स्त्रोतों को नष्ट करने में भी हमने कोई गुरेज नहीं किया। अब विकास एवं सुविधाओं और प्रकृति के बीच सामंजस्य की और ध्यान देना होगा, अन्यथा आने वाले साल और अधिक चुनौती भरे होंगे। कंक्रिट के जंगलों से लेकर हमारे दैनिक उपयोग के अधिकांश साधन एवं विकास की भ्रामक सोच तापमान को बढ़ाने वाले ही हैं।

विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग की दस्तक देने के बावजूद विकसित व संपन्न देश पर्यावरण संतुलन के प्रयास करने तथा आर्थिक सहयोग देने से बच रहे हैं। ऐसा नहीं है कि मौसम की मार से कोई विकसित व संपन्न देश बचा हो, लेकिन प्राकृतिक संसाधनों के क्रूर दोहन से औद्योगिक लक्ष्य पूरे करने वाले ये देश अब विकासशील देशों को नसीहत दे रहे हैं। निश्चित रूप से बढ़ता तापमान उन लोगों के लिये बेहद कष्टकारी है, जो पहले ही जीवनशैली से जुड़े रोगों एवं समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता असाध्य रोगों की वजह से चूक रही है। ऐसा ही संकट वृद्धों के लिये भी है, जो बेहतर चिकित्सा सुविधाओं व सामाजिक सुरक्षा के अभाव में जीवनयापन कर रहे हैं। वैसे एक तथ्य यह भी है कि मौसम के चरम पर आने, यानी अब चाहे बाढ़ हो, शीत लहर हो या फिर लू हो, मरने वालों में अधिकांश गरीब व कामगार तबके के लोग ही होते हैं। जिनका जीवन गर्मी में बाहर निकले बिना या काम किये बिना चल नहीं सकता। निष्कर्षतः कह सकते हैं कि उन्हें मौसम और गरीबी दोनों मारती है।

प्रतिवर्ष धरती का तापमान बढ़ रहा है। आबादी बढ़ रही है, जमीन छोटी पड़ रही है। हर चीज की उपलब्धता कम हो रही है। आक्सीजन की कमी हो रही है। जलवायु परिवर्तन की वजह से हो रहा तापमान में लगातार असंतुलन सामान्य घटना नहीं है, जिसका दायरा अब वैश्विक हो गया है। भले ही कोई इस विनाशकारी स्थिति को तात्कालिक घटना कहकर खारिज कर दे लेकिन जमीनी सच्चाई यह है की बड़े पैमाने पर ग्लेशियर्स का पिघलना और हीट वेव बहुत बड़े वैश्विक खतरें की आहट है, जिसको अनदेखा नहीं किया जा सकता है। कथित विकास की बेहोशी से दुनियां को जागना पड़ेगा। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से तीसरा ध्रुव कहे जानें वाले हिमालय के ग्लेशियर 10 गुना तेजी से पिघल रहे हैं। ब्रिटेन की लीड्स यूनिवर्सिटी के शोधकताओं के अनुसार, आज हिमालय से बर्फ के पिघलने की गति लिटल आइस एज के वक्त से औसतन 10 गुना ज्यादा है। लिटल आइस एज का काल 16वीं से 19वीं सदी के बीच का था। इस दौरान बड़े पहाड़ी ग्लेशियर का विस्तार हुआ था। वैज्ञानिकों की मानें, तो हिमालय के ग्लेशियर दूसरे ग्लेशियर के मुकाबले ज्यादा तेजी से पिघल रहे हैं। विशेषज्ञों के एक अनुमान के अनुसार अंटार्कटिका के ग्लेशियर के पूरी तरह से पिघलने पर पृथ्वी की ग्रेविटेशनल पावर शिफ्ट हो जाएगी। इससे पूरी दुनिया में भारी उथल पुथल देखने को मिलेगी। पृथ्वी के सभी महाद्वीप आंशिक रूप से पानी के भीतर समा जाएंगे। भारी मात्रा में जैव-विविधता को हानि पहुंचेगी। पृथ्वी पर रहने वाली हजारों प्रजातियां भी खत्म हो जाएंगी। पृथ्वी पर एक विनाशकारी एवं विकराल स्थिति का उद्भव होगा। इसके साथ ही दुनियां भर में करोड़ों की संख्या में लोगों को एक जगह से दूसरी जगह पर माइग्रेट करना पड़ेगा।

दुनियाभर में कूलिंग सिस्टम्स यानी एयरकंडीशन की मांग कई गुना बढ़ी है। सुविधावादी जीवनशैली एवं तथाकथित आधुनिकता ने पर्यावरण के असंतुलन को बेतहाशा बढ़ाया है। तापमान में भी साल-दर-साल बढ़ोतरी अनेक संकटों की दस्तक है। जहां तापमान ने नए रिकॉर्ड्स बनाने शुरू कर दिए हैं वहीं, भारी बारिश के कारण बाढ़ के हालात बन रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण मौसम को लेकर अनिश्चितता बढ़ती जा रही है। सरकारों को नीतिगत फैसला लेकर बदलते मौसम की चुनौतियों को गंभीरता से लेना होगा। समय रहते बचाव के लिये नीतिगत फैसले नहीं लिए गए तो एक बड़ी आबादी के जीवन पर संकट मंडराएगा। यह संकट तीखी गर्मी से होने वाली बीमारियों व लू से होने वाली मौतें ही नहीं होंगी, बल्कि हमारी कृषि एवं खाद्य सुरक्षा श्रृंखला भी प्रभावित होगी। हालिया अध्ययन बता रहे हैं कि मौसमी तीव्रता से फसलों की उत्पादकता में भी कमी आई है। दरअसल, मौसम की यह तल्खी केवल भारत ही नहीं ,वैश्विक स्तर पर नजर आ रही है।

सरकारों को मानना होगा कि वैसे तो प्रकृति किसी तरह का भेदभाव नहीं करती मगर सामाजिक असमानता के चलते वंचित समाज इसकी बड़ी कीमत चुकाता है। सरकार रेड अलर्ट व ऑरेंज अलर्ट की सूचना देकर अपने दायित्वों से पल्ला नहीं झाड़ सकती। बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्कूल-कालेजों के संचालन, दोपहर की तीखी गर्मी के बीच कामगारों व बाजार के समय के निर्धारण को लेकर देश में एकरूपता का फैसला लेने की जरूरत है। कुछ जगहों पर धारा 144 लागू करना इस संकट का समाधान कदापि नहीं है। कभी संवेदनशील भारतीय समाज के संपन्न लोग सार्वजनिक स्थलों में प्याऊ की व्यवस्था करते थे। लेकिन आज संकट यह है कि पानी व शीतल पेय के कारोबारी मुनाफे के लिये सार्वजनिक पेयजल आपूर्ति को बाधित करने की फिराक में रहते हैं। सरकारें भी जल के नाम पर राजनीति करती है। हमारे राजनीतिज्ञ, जिन्हें सिर्फ वोट की प्यास है और वे अपनी इस स्वार्थ की प्यास को पानी से बुझाना चाहते हैं। विभिन्न प्रांतों के बीच का यह विवाद आज हमारे लोकतांत्रिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहा है, जनजीवन से खिलवाड़ कर रहा है। इस तरह की तुच्छ एवं स्वार्थ की राजनीति करने वाले नेता क्या गर्मी एवं जल-समस्याओं का समाधान दे पायेंगे?

## खतरनाक शिगूफा है एक राष्ट्र-एक संस्कृतिट

**- अनिल जैन**

वैसे एक राष्ट्र-एक कुछ भीट, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माथे पर सवार पुराना फितूर है। एक राष्ट्र-एक करट यानी जीएसटी से शुरू करके एक राष्ट्र-एक चुनावट, एक देश-एक राशनकार्ड और एक देश-एक नागरिक संहिताट तक उनकी सरकार ने ऐसे अनेक नारे उछाले हैं।ट यह अलग बात है कि भारत जैसे विशाल और विविधता से भरे देश में हर नागरिक के लिए सब कुछ एक जैसा करना बिल्कुल नामुमकिन है।

अखंड भारतट राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सबसे पुराना और प्रिय सपना है, जो भाजपा के सत्ता में आने के बाद से खूब देखा जा रहा है। संघ के मुखिया के भाषण से लेकर स्वयंसेवकों की व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी तक में यह हसीन सपनाट छाया रहता है। हालांकि यह और बात है कि इस सपने को साकार करने का ब्लू प्रिंट किसी के पास नहीं है। हां, जो भारत अभी विद्यमान है उसे खंड-खंड करने के नारे और कार्यक्रम संघ और भाजपा के पास खूब है, जिसके जरिये वे देश के आम आदमी को हलाकान किए हुए हैं।

संघ का ऐसा ही एक नारा है- एक राष्ट्र-एक संस्कृतिट, जो पिछले दिनों बेंगलुरू में संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में दोहराया गया। बैठक के बाद संघ के दूसरे नंबर के पदाधिकारी यानी सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि एक राष्ट्र-एक संस्कृतिट की पहल इसलिए की गई थी ताकि देश के लिखित इतिहास की गड़बड़ियों को ठीक किया जा सके और एक सद्भाव वाला भारत बनाया जा सके। संघ की बैठक खत्म होने के एक दिन बाद 24 जनवरी को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि-अब समय आ गया है कि एक राष्ट्र-एक संस्कृतिट के विचार को आगे बढ़ाया जाए।

वैसे एक राष्ट्र-एक कुछ भीट, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माथे पर सवार पुराना फितूर है। एक राष्ट्र-एक करट यानी जीएसटी से शुरू करके एक राष्ट्र-एक चुनावट, एक देश-एक राशनकार्ड और एक देश-एक नागरिक संहिताट तक उनकी सरकार ने ऐसे अनेक नारे उछाले हैं।ट यह अलग बात है कि भारत जैसे विशाल और विविधता से भरे देश में हर नागरिक के लिए सब कुछ एक जैसा करना बिल्कुल नामुमकिन है। जीएसटी से भी कहां एक कर की व्यवस्था बन सकी। जीएसटी में ही पांच किस्म के कर लगते हैं और उसके अलावा कम से कम एक दर्जन किस्म के कर अलग से लगते हैं।

बहरहाल अब च्एक राष्ट्र-एक संस्कृतिट का शिगूफा उछाल कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी इस फितूर में शामिल हो गया है। हालांकि संघ का यह फितूर नया नहीं है। कोई नौ साल पहले 2016 में संघ के भाष्यकार एमजी (माधव गोविंद) वैद्य ने एक राष्ट्र-एक संस्कृतिट शीर्षक से एक लेख लिखा था, जिससे इस अवधारणा पर विचार आगे बढ़ा। उन्होंने लिखा था कि- देश के लिए एक भाषा या एक धर्म की बजाय एक साझा मूल्य प्रणाली की जरूरत है।

सवाल है कि क्या संघ इस साझा मूल्य प्रणाली को ही एक संस्कृति मानता है? इससे बड़ा प्रश्न संस्कृति का है। क्या भारत एक संस्कृति या एक साझा मूल्य प्रणाली वाला देश हो सकता है? हकीकत यह है कि इतिहास में कोई कालखंड ऐसा नहीं रहा है, जब भारत भूमि पर एक साझा मूल्य प्रणाली रही हो। तो फिर अब कैसे यह विचार सामने लाया जा रहा है? भारत कभी भी एक संस्कृति वाला देश नहीं रहा है। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने भारत को अनेक च्संस्कृतियों का समुच्चयट कहा है।

# दुनिया को शांति के लिये एकसूत्र में पिरोने का महा-अनुष्ठान

**-ललित गर्ग-**

महावीर जयन्ती से ठीक एक दिन पूर्व 9 अप्रैल 2025 को विश्व णमोकार मंत्र दिवस को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जा रहा है और एक विश्व, एक दिन और एक पवित्र महामंत्र और उसका पवित्र उच्चारण प्रातः 8:01 से लेकर 9:36 बजे तक, एक साथ पूरे भूमंडल पर व्याप्त होकर एक उजाला बिखेरेगा। यह आयोजन विश्व शांति, आत्मशांति, सद्भावना और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन जीतो संस्था के द्वारा कराया जा रहा है.। दिल्ली में नौ अप्रैल को विज्ञान भवन में इस आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। यह आयोजन 180 देश के लाखों भक्तों की भागीदारी, विश्व भर में 100 मेगा इवेंट्स, 6000 से अधिक मंदिरों एवं अन्य स्थलों में एक जातीय बंधनों को तोड़कर सभी समुदाय, जाति, वर्ग के लोगों को सम्मिलित होने का अवसर देकर एक प्रेरणादीप बनेगा, जहां मैत्री के फूल खिलेंगे, शांति एवं सद्भावना की ज्योति रश्मियां जगमगायेगी। मानव ने ज्ञान-विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की है। परन्तु अपने और औरों के जीवन के प्रति सम्मान में कमी आई है। विचार-क्रान्तियां बहुत हुईं, किन्तु आचार-स्तर पर क्रान्तिकारी परिवर्तन कम हुए। शान्ति, अहिंसा और मानवाधिकारों की बातें संसार में बहुत हो रही हैं, किन्तु सम्यक्-आचरण का अभाव अखरता है। सिद्ध एवं चमत्कारी णमोकार महामंत्र सम्यक्-आचरण को उद्घाटित करने वाला किसी धर्म विशेष का नहीं है, यह एक सार्वभौमिक, सार्वकालिक, सार्वदैशिक मंत्र है, जिसका



उच्चारण कर व्यक्ति शुद्ध आचरण एवं स्वस्थ जीवनशैली को आकार देते हुए शांति, अहिंसा, अयुद्ध, सह-जीवन का साकार कर सकता है। णमोकार मंत्र शांति एवं आध्यात्मिक शुद्धता को प्रोत्साहित करने का अमोघ मंत्र है.। यह दिवस जैन धर्म के सबसे पवित्र और सार्वभौमिक मंत्र- णमोकार महामंत्र के सामूहिक उच्चारण के माध्यम से दुनिया भर के लोगों को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास है।

दुनिया में दो मंत्र अधिक प्रभावी हैं जिनमें एक गायत्री मंत्र और दूसरा नमस्कार महामंत्र। णमोकार महामंत्र विश्व का पवित्र, अलौकिक एवं विलक्षण मंत्र है जोकि अपनी स्वयं की आत्मा से संबंधित है। इसे नवकार महामंत्र, नमस्कार मन्त्र या पंच परमेष्ठि नमस्कार भी कहा जाता है। इस मन्त्र में अरिहन्तों, सिद्धों, आचार्यों, उपाध्यायों और साधुओं का नमस्कार किया गया है। णमोकार महामंत्र एक लोकोत्तर मंत्र है। इस मंत्र को जैन धर्म का परम पवित्र और अनादि मूल मंत्र माना जाता है। इसमें किसी व्यक्ति का नहीं, किंतु संपूर्ण रूप से विकसित और विकासमान विशुद्ध आत्मस्वरूप का ही दर्शन, स्मरण, चिंतन, ध्यान एवं अनुभव किया जाता है। इसलिए यह अनादि और अक्षयस्वरूपी मंत्र है। लौकिक मंत्र आदि सिर्फ लौकिक लाभ पहुँचाते हैं, किंतु लोकोत्तर मंत्र लौकिक और लोकोत्तर दोनों कार्य सिद्ध करते हैं। इसलिए णमोकार मंत्र सर्वकार्य सिद्धिकारक लोकोत्तर मंत्र माना जाता है, सब पापों का नाश करने वाला है, यह अद्भुत शांति का कारक है। यह संसार में सबसे उत्तम मंगल को घटित करने वाला सिद्ध मंत्र है। णमोकार-स्मरण से अनेक लोगों के रोग, दरिद्रता, भय, तनाव, अशांति, विपत्तियाँ दूर होने की अनुभव सिद्ध घटनाएँ सुनी जाती हैं। मन चाहे काम आसानी से बन जाने के अनुभव भी सुने हैं।

णमोकार महामंत्र के जाप एवं साधना से उत्पन्न ऊर्जा एक पाथेय है जीवनशैली को बदलने का, पर्यावरण एवं प्रकृति के प्रति जागरूक होने का, शांति एवं अहिंसक जीवनशैली का, शरीर, मन, आत्मा एवं प्रकृति के प्रति सचेत रहने का। भगवान महावीर कितना सरल किन्तु सटीक कहते हैं- सुख सबको प्रिय है, दुःख अप्रिय। सभी जीना चाहते हैं, मरना कोई नहीं चाहता। हम जैसा व्यवहार स्वयं के प्रति चाहते हैं, वैसा ही व्यवहार दूसरों के प्रति भी करें। यही मानवता है और मानवता का आधार भी। मूल्यों का सम्बन्ध तो जियो और जीने दो जैसे सरल श्रेष्ठ उद्घोष से है, जो णमोकार महामंत्र की सार्थक निष्पत्ति है। इस मंत्र के प्रथम पाँच पदों में 35 अक्षर और शेष दो पदों में 33 अक्षर हैं। इस तरह कुल 68 अक्षरों का यह महामंत्र समस्त कार्यों को सिद्ध करने वाला व कल्याणकारी अनादि सिद्ध मंत्र है। इसकी आराधना करने वाला स्वर्ग यानी मोक्ष- संसारबंधनों मुक्ति को प्राप्त कर लेता है। यह मन्त्र एक भावना है, एक इच्छा है, एक कामना है जो बार बार दोहराई जाती है ताकि वैसा हो जाए, इस दृष्टि में उन्नत विश्व संरचना, हिंसा एवं युद्ध मुक्ति के लिये यह कारगर है।

सह-अस्तित्व के लिए अहिंसा अनिवार्य है और अहिंसा को फलित करने के लिये णमोकार महामंत्र अचूक उपक्रम है, अनुष्ठान है। दूसरों का अस्तित्व मिटाकर अपना अस्तित्व बचाए रखने की कोशिशें व्यर्थ और अन्ततः घातक होती हैं। आचार्य श्री उमास्वाति की प्रसिद्ध सूक्ति है- परस्परोपग्रहो जीवानाम् अर्थात सभी एक-दूसरे के सहयोगी होते हैं। पारस्परिक उपकार-अनुग्रह से ही जीवन गतिमान रहता है। समाज और सामाजिकता का विकास भी इसी अवधारणा पर हुआ। इस प्रकार णमोकार महामंत्र के जाप से सहयोग, सहकार, सहकारिता, समता और समन्वय जैसे उत्तम व उपयोगी मानवीय मूल्य जीवन्त होते हैं। णमोकार महामंत्र की शक्ति केन्द्र से परिधि तक परिव्याप्त व्यक्ति से लेकर विश्व तक को आनन्द और अमृत प्रदान करती है। णमोकार महामंत्र व्यक्ति में वसुधैव कुटुम्बकम् की विराट भावना का संचार करती है। मनुष्य जाति युद्ध, हिंसा और आतंकवाद के भयंकर दुष्परिणाम भोग चुकी है, भोग रही है और किसी भी तरह के खतरे का भय हमेशा बना हुआ है। मनुष्य, मनुष्यता और दुनिया को बचाने के लिए णमोकार महामंत्र से ताकत और प्रासंगिकता से अवगत साथ जीवन को सुखद, समृद्ध, निरोगी और प्रसन्न बनाने के लिए नियमित रूप से णमोकार महामंत्र का जाप करना चाहिए।

## महान नासा अंतरिक्ष यात्री जिम लवेल का निधन

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के कई अंतरिक्ष मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जिम लवेल का 97 वर्ष की आयु में निधन हो गया। श्री लवेल 1970 में चंद्रमा पर उतरने के अपने प्रयास को तकनीकी कारण छोड़ने के लिए मजबूर हुए थे। उन्होंने अपोलो 13 मिशन का नेतृत्व किया था। नासा की एक समाचार विज्ञप्ति के अनुसार लवेल का 07 अगस्त को इलिनोइस के लेक फ़ॉरेस्ट में निधन हो गया। उनकी मृत्यु का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुए हैं। अंतरिक्ष यात्री लवेल के परिवार ने गोपनीयता का अनुरोध किया लेकिन एक बयान में कहा, ÷हमें अपने प्रिय पिता यूएसएन कैप्टन जेम्स ए. 'जिम' लवेल, के निधन की घोषणा करते हुए दुख हो रहा है। वह एक नौसेना पायलट और अधिकारी, अंतरिक्ष यात्री, नेता और अंतरिक्ष अन्वेषक रहे थे। परिवार ने अपने बयान में कहा, हमें उनके अद्भुत जीवन और करियर की उपलब्धियों पर बहुत गर्व है, जिसमें मानव अंतरिक्ष उड़ान में अग्रणी उनके शानदार नेतृत्व ने भी योगदान दिया। गौरतलब है कि अपोलो 13 की कमान संभालने के लिए चुने जाने से पहले लवेल जेमिनी 7, जेमिनी 12 और अपोलो 8 मिशनों पर तीन बार अंतरिक्ष में जा चुके थे। हालांकि दुर्भाग्यपूर्ण अपोलो 13 मिशन के दौरान, चालक दल के सर्विस मॉड्यूल पर स्थित एक ऑक्सीजन टैंक में विस्फोट हो गया, जब वे पृथ्वी से लगभग 200,000 मील (322,000 किलोमीटर) दूर थे।

## गाजा पट्टी पर कब्जा करने की नेतन्याहू की योजना को मंत्रिमंडल की मंजूरी

**तेल अवीव।** इज़रायल सरकार ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की पूरे गाजा पट्टी पर कब्ज़ा करने की योजना को मंज़ूरी दे दी है। श्री नेतन्याहू के कार्यालय ने इसकी घोषणा की। श्री नेतन्याहू ने कहा कि हमास के बाद की इस सरकार के लिए एक 'विस्तृत योजना' तैयार की जाएगी, जिसमें इजरायल आंतरिक प्रशासन में कोई भूमिका नहीं निभाएगा और न ही फ़िलिस्तीनी प्राधिकरण को कोई भूमिका निभाने की अनुमति देगा। उन्होंने कहा कि यह एक नागरिक प्रशासन होगा। उन्होंने इस क्षेत्र पर कब्ज़ा करने की अपनी योजना और उसके मतलब को समझाते हुए उन्होंने कहा, हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हम हमास को वहां से हटाना और लोगों को गाजा से मुक्त कराने के साथ ही वहां नागरिक शासन स्थापित करना चाहते हैं।उन्होंने कहा, हम इसे बनाए नहीं रखना चाहते। हम एक सुरक्षा घेरा चाहते हैं, लेकिन हम इसे नियंत्रित नहीं करना चाहते। हम वहाएक शासक निकाय के रूप में नहीं रहना चाहते। इजरायल के प्रधानमंत्री ने कहा कि इज़रायल इसे अरब सेनाओं को सौंपना चाहता है जो हमें धमकी दिए बिना, इसे ठीक से चलाएंगी और गाजावासियों को एक अच्छा जीवन प्रदान करेंगी।

## लोकार्नो ने डेविड लिंच को श्रद्धांजलि के साथ दी विदाई

**जेनेवा।** लोकार्नो फिल्म फेस्टिवल के 78वें संस्करण की ओपनिंग नाइट पर सिनेमा के दिग्गज डेविड लिंच को भावुक और दिल छू लेने वाली श्रद्धांजली और विदाई दी गई। यह विशेष पल लिंच के शिष्य डुवेन डनहम की ओर से पेश किया गया, जिन्होंने संपादक और निर्देशक के तौर पर उनका साथ काम किया है। हॉलीवुड रिपोर्टर की खबर के मुताबिक लोकार्नो 2025 की ओपनिंग फिल्म शुरु होने से पहले आर्टिस्टिक डायरेक्टर फियोना ए. नज़्ज़ारो ने एक चौंकाने वाली श्रद्धांजलि की तैयारी की। उन्होंने नाम लिए बिना कहा कि यह श्रद्धांजलि उस क्रिएटिव शख्सियत को समर्पित है, जिसने सिनेमा पर अमिट छाप छोड़ी। नज़्ज़ारो ने आगे कहा, सौंदर्य, सपने और कला में उनका योगदान कभी भुला नहीं जाएगा और आज रात, हम इस अद्भुत लघु फिल्म 'एन अनफिनिश्ड रूम' के साथ जश्न मनाएंगे। इस लघु फिल्म में लिंच के बयान थे जिनमें वो अपनी पेंटिंग और फिल्मी कृतियों जैसी चीज़ों पर चर्चा कर रहे थे। साथ ही लिंच की पसंदीदा फिल्मों जैसे ट्वीन पिक्स, ब्लु वेल्वेट और द एलिफेंट मैन और व्हाट डीड जैक डु? के दृश्य भी थे। साथ ही लिंच की पेंटिंग और संगीत बनाते हुए दृश्य भी शामिल थे। लघु फिल्म का संपादन डनहम द्वारा किया गया, जो लोकार्नो में अपनी फिल्म लीजेंड ऑफ द हैप्पी वर्कर का विश्व प्रीमियर करने के लिए आए हैं।

## जापानी शहर किरिशिमा में भारी बारिश की आपातकालीन चेतावनी जारी

**टोक्यो।** जापान की मौसम एजेंसी ने सुबह दक्षिण-पश्चिमी कागोशिमा प्रान्त के किरिशिमा शहर में भारी बारिश की आपातकालीन चेतावनी जारी की तथा निचले इलाकों में भूस्खलन, बाढ़ तथा नदियों के उफान पर होने की उच्चतम स्तर की सावधानी बरतने का आह्वान किया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार, देश की पांच-स्तरीय आपदा चेतावनी प्रणाली में इस वर्ष पहली बार उच्चतम स्तर की चेतावनी किरिशिमा में रिकॉर्ड बारिश दर्ज होने के बाद जारी की गई। किरीशिमा के एक हिस्से में आज स्थानीय समयानुसार सुबह तीन बजे तक 107.5 मिमी बारिश दर्ज की गई जो उस जगह पर अब तक की सबसे भारी बारिश है। 12 घंटों में कुल बारिश 480 मिमी से ज़्यादा हो गई जो शहर में अगस्त के औसत से लगभग 1.8 गुना ज़्यादा है। जेएमए ने कहा कि कागोशिमा सहित क्यूशू क्षेत्र में रविवार तक मूसलाधार बारिश जारी रहने की उम्मीद है। इसने कहा कि सुबह तक 24 घंटों में दक्षिणी क्यूशू में 200 मिमी और उत्तरी क्यूशू में 120 मिमी बारिश होने का अनुमान है।

# यूक्रेन युद्धविराम पर चर्चा के लिए अलास्का में ट्रंप और पुतिन की बैठक

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** यूक्रेन युद्ध में युद्ध विराम की उम्मीदें बढ़ने के बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अगले अहम बैठक करने की घोषणा की है। यह मुलाकात ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिका ने भारत 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया है, जो रूस से तेल खरीदने के कारण लगाया गया है। तीन दिनों की तेज़ घटनाओं के बाद, ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, मेरी और पुतिन की लंबे समय से प्रतीक्षित बैठक 15 अगस्त 2025, को अमेरिका के अलास्का राज्य में होगी। उन्होंने कहा कि आगे की जानकारी जल्द दी जाएगी। यह ऐलान इसलिए चौंकाने वाला था क्योंकि गुरुवार को ही ट्रंप ने कहा था कि वे पुतिन से ÷बहुत निराश÷ हैं, हालांकि उन्होंने बातचीत में प्रगति की भी बात कही थी। पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा, मुझे लगता है कि



राष्ट्रपति पुतिन शांति चाहते हैं और यूक्रेन के राष्ट्रपति भी अब शांति चाहते हैं। हाल की घटनाएं इस दिशा में आगे बढ़ने में मदद कर सकती हैं। उन्होंने भारत से जुड़े मामले पर टिप्पणी नहीं की, जो शायद 25 प्रतिशत शुल्क के मुद्दे से संबंधित था। ट्रंप ने भारत का नाम लेकर कहा था कि रूस से तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा। इसे रूस पर आर्थिक दबाव डालने की कोशिश के रूप में देखा गया, ताकि भारत मास्को को तेल से होने वाली कमाई कम कर दे। वहीं, बैठक की तैयारी के लिए पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन कर अमेरिका के साथ हुई यूक्रेन पर बातचीत की जानकारी दी। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि भारत और रूस के विशेष संबंधों को देखते हुए, पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीवन विटकॉफ से हुई बैठक के मुख्य नतीजे साझा किए।÷ भारत के विदेश मंत्रालय ने बताया कि ÷प्रधानमंत्री ने पुतिन का धन्यवाद किया और भारत की राय दोहराई कि विवाद का हल शांति से होना चाहिए। ट्रंप द्वारा रूस पर नए प्रतिबंध लगाने की अंतिम तारीख थी, जिसमें रूस से ऊर्जा खरीदने वाले देशों पर भी अतिरिक्त शुल्क लगाने की बात थी।

## गाजा संकटः जर्मनी ने सैन्य निर्यात पर लगाई रोक

एजेंसी

**बर्लिन।** जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने घोषणा की है कि गाज़ा पट्टी में इस्तेमाल हो सकने वाले किसी भी सैन्य उपकरण के निर्यात को अगले आदेश तक मंज़ूरी नहीं दी जाएगी। यह निर्णय इज़राइल द्वारा गाज़ा सिटी पर नियंत्रण के लिए सैन्य अभियान विस्तार योजना को मंज़ूरी देने के बाद लिया गया। मर्ज़ ने कहा कि इज़राइल को हमास को निरस्त्र करने और बंधकों की रिहाई का अधिकार है, लेकिन हाल में तय किए गए कठोर सैन्य कदमों से इन लक्ष्यों को पाना और कठिन हो गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि बढ़ते संघर्ष के बीच गाज़ा के नागरिकों की पीड़ा गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने एक बयान में कहा, जर्मन सरकार का मानना है कि इजराइली मंत्रिमंडल द्वारा गुरुवार रात गाजा पट्टी में और भी कड़ी सैन्य कार्रवाई करने के फैसले को देखते हुए यह निर्णय जरूर हो गया था। तमाम हालातों और परिस्थितियों को समझने के बाद यह



तय हुआ है कि जर्मन सरकार अगली सूचना तक गाजा पट्टी में इस्तेमाल हो सकने वाले किसी भी सैन्य उपकरण के निर्यात को मंज़ूरी नहीं देगी। जर्मन सरकार ने स्पष्ट किया कि फिलहाल उसकी प्राथमिकताएं बंधकों की सुरक्षित रिहाई और युद्धविराम के लिए बातचीत को आगे बढ़ाना है।

## अर्मीनिया-अजरबैजान के बीच दशकों पुराना विवाद खत्म, ट्रंप की मौजूदगी में शांति समझौते पर हस्ताक्षर

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की मध्यस्थता में दो पुराने प्रतिद्वंद्वी अजरबैजान और आर्मीनिया ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मौजूदगी में हुए इस शांति समझौते में अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव और आर्मीनिया के प्रधानमंत्री निकोल पाशिनयान शामिल हुए।

आर्मीनिया और अजरबैजान के बीच शांति समझौते को लेकर ट्रंप ने कहा कि दोनों देश 35 वर्षों तक लड़ते रहे हैं और अब लंबे समय तक दोस्त बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने हमेशा के लिए लड़ाई बंद कर यात्रा, व्यापार और राजनयिक संबंधों को खोलने का वादा किया है।

आर्मीनिया और अजरबैजान के दोनों नेताओं ने ट्रंप की तारीफ करते हुए उन्हें संघर्ष खत्म कराने में मदद के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि वे उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित करेंगे।



उल्लेखनीय है कि आर्मीनिया और अजरबैजान विवाद की जड़ नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र है, जो अजरबैजान का हिस्सा होते हुए भी जातीय रूप से आर्मेनियाई आबादी वाला इलाका रहा। 80 के दशक के अंत में यह आर्मेनिया के समर्थन से अलग हो गया था। 2023 में अजरबैजान ने पूरा नियंत्रण वापस ले लिया, जिसके बाद लगभग 1 लाख जातीय आर्मेनियाई लोग आर्मेनिया चले गए।

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने कहा- फिलीस्तीन को राज्य के रूप में मान्यता देने की योजना नहीं

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने स्पष्ट किया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका फिलीस्तीन को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता देने का इरादा नहीं रखता।

यह बयान ऐसे समय आया है जब फ्रांस, कनाडा और ब्रिटेन हाल ही में फिलीस्तीनी राज्य को मान्यता देने की दिशा में कदम उठाने की घोषणा कर चुके हैं। ब्रिटेन के विदेश सचिव डेविड लैमी के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान वेंस ने कहा, हमारी कोई योजना नहीं है कि फिलीस्तीन को मान्यता दी जाए। वहां एक कार्यात्मक सरकार न होने के कारण यह कदम व्यावहारिक रूप से भी संभव नहीं दिखता। वेंस ने क्षेत्र में अमेरिकी प्रशासन के दो मुख्य लक्ष्यों पर जोर दिया - पहला, हमास को एक खतरे के रूप में समाप्त करना और दूसरा, गाजा में मानवीय संकट का समाधान करना। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि हमास कभी भी निर्दोष इजराइली नागरिकों पर हमला न कर



सके, और इसके लिए उसका पूर्ण उन्मूलन आवश्यक है। साथ ही, राष्ट्रपति गाजा के मानवीय संकट से जुड़े भयावह दृश्यों से गहराई से प्रभावित हैं और हम इस समस्या को सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इजराइल द्वारा गाजा सिटी पर कब्जे के फैसले पर टिप्पणी करने से वेंस ने यह कहते हुए इनकार किया कि इस मुद्दे पर कूटनीतिक बातचीत जारी है। उन्होंने जोड़ा कि इस विषय पर आधिकारिक बयान संभवतः राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप स्वयं देंगे।

# चीन ने ट्रंप के टैरिफ की धमकी पर दी प्रतिक्रिया, कहा- रूस के साथ व्यापार वैध

एजेंसी

**बीजिंग।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन पर रूसी तेल खरीदने को लेकर टैरिफ लगाने की धमकी के बीच, चीन के विदेश मंत्रालय ने रूस सहित अन्य देशों के साथ अपने व्यापार और ऊर्जा सहयोग को वैध और कानूनी बताया है। नियमित प्रेस वार्ता में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा, चीन की स्थिति स्पष्ट और स्थिर है। रूस सहित दुनिया भर के देशों के साथ चीन का सामान्य आर्थिक, व्यापार और ऊर्जा सहयोग वैध और कानूनी है। चीन राष्ट्रीय हितों के आधार पर ऊर्जा सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाता रहेगा। गौरतलब है कि हाल ही में ट्रंप ने संकेत दिया था कि यदि चीन रूसी तेल खरीदना जारी रखता है, तो उस पर सेकेंडरी टैरिफ लगाए जा सकते हैं। व्हाइट हाउस में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा था, हो सकता है ऐसा हो। मैं अभी नहीं कह



सकता, लेकिन हमने भारत के साथ ऐसा किया। संभवतः हम कुछ और देशों के साथ भी ऐसा करेंगे। उनमें से एक चीन हो सकता है। गुओ जियाकुन ने टैरिफ के दुरुपयोग का विरोध जताया और इसे लेकर चीन की स्थिति को स्थिर और स्पष्ट बताया। जब ट्रंप द्वारा भारत पर रूसी तेल आयात को लेकर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के निर्णय के बारे में पूछा गया, तो गुओ ने कहा, ÷टैरिफ के दुरुपयोग का चीन हमेशा विरोध करता रहा है और इस पर उसकी नीति स्पष्ट है। बता दें कि ट्रंप ने बुधवार को भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, जो 20 जुलाई को लागू हुए पहले के 25 प्रतिशत शुल्क के अतिरिक्त है। उन्होंने इसका कारण भारत द्वारा रूसी कच्चे तेल का निरंतर आयात बताया। अमेरिकी फैसले पर भारत की कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। विदेश मंत्रालय ने इसे ÷अनुचित, अन्यायपूर्ण और असंगत÷ बताया और कहा कि भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं और रणनीतिक स्वायत्तता का सम्मान किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी गुरुवार को दिल्ली में आयोजित एम.एस. स्वामीनाथन शताब्दी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों की रक्षा को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया।

## भारत सरकार के मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने पशुपतिनाथ मंदिर में विशेष पूजा की



एजेंसी

**काठमांडू।** भारत सरकार में पोत, जहाज और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल एक दिवसीय धार्मिक यात्रा पर काठमांडू पहुंचे हैं। शुक्रवार की सुबह विमानस्थल पर केंद्रीय मंत्री का नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने स्वागत किया।

केन्द्रीय मंत्री सोनोवाल ने पशुपतिनाथ मंदिर में विशेष पूजा की। मंदिर पहुंचने पर पशुपति क्षेत्र विकास कोष के सदस्य सचिव डॉ. मिलन थापा ने उनकी अगुवाई की। पशुपतिनाथ मंदिर में विशेष पूजा करने के बाद सोनोवाल ने वहीं पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। सोनोवाल पशुपति मंदिर क्षेत्र में आयोजित कोटि होम महायज्ञ में भी शामिल हुए। काली बाबा के नाम से मशहूर श्री 1008 कृष्णानंद जी महाराज के दर्शन कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

# मीर यार ने ट्रंप को पत्र लिखकर बलूचिस्तान गणराज्य को मान्यता देने का किया आग्रह

एजेंसी

**क्रेटा (बलूचिस्तान)।** बलूचिस्तान आंदोलन के सदस्य और मानवाधिकार रक्षक मीर यार बलूच ने अमेरिका से बलूचिस्तान गणराज्य को मान्यता और समर्थन देने का आग्रह किया है। मीर यार ने संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप को सात अगस्त को लिखे पत्र में कहा कि बलूचिस्तान गणराज्य पाकिस्तान और ईरान के अवैध कब्जे वाला प्राचीन और संप्रभु राष्ट्र है। दुर्लभ खनिज, तेल, गैस, हवाई अड्डों और समुद्री बंदरगाहों से समृद्ध होने के बावजूद यहां के लोगों का दमन हो रहा है। मीर यार बलूच ने इस पत्र को अपने एक्स हैंडल पर भी साझा किया है। बलूच ने लिखा, पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल असीम मुनीर से आगामी यात्रा के दौरान पूछा जाना



चाहिए कि पाकिस्तान किस कानून और नैतिक आधार पर बलूचिस्तान की प्राकृतिक संपदा पर अपना दावा करता है? मीर बलूच ने कहा कि मुनीर ऐसी संस्था का नेतृत्व करते हैं, जो पाकिस्तान अधिकृत बलूचिस्तान में घोर मानवाधिकार उल्लंघनों में व्यापक रूप से शामिल है। पाकिस्तान की सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई न सिर्फ 40 हजार से ज्यादा बलूच नागरिकों के जबरन गायब होने के लिए जिम्मेदार हैं, बल्कि लंबे समय से ओसामा बिन लादेन समेत कई वैश्विक आतंकवादियों को पनाह देने से भी जुड़े रहे हैं। मीर यार बलूच ने लिखा है, अमेरिका ने 9/11 के बाद पाकिस्तान पर भरोसा करके एक गंभीर भूल की है। पिछले अमेरिकी प्रशासनों ने पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठान को बढ़ावा दिया है, जो आतंकवादियों को पनाह और कट्टरपंथ को बढ़ावा देता है। हाल के महीनों में आईएसआई की निगरानी में प्रशिक्षण केंद्रों में वृद्धि हुई है। इससे क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि अमेरिका कट्टरपंथी पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों का नए सिरे से पुनर्मूल्यांकन करे।

## पाकिस्तान नेशनल असेंबली ने पीटीआई के तीन प्रमुख नेताओं को संसदीय पदों से हटाया

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के तीन नेताओं को नेशनल असेंबली ने प्रमुख संसदीय पदों से हटा दिया। उमर अयूब खान से विपक्षी नेता, जरताज गुल से संसदीय दल की नेता और अहमद चट्ठा से उप संसदीय नेता का पद छीन लिया गया। तीनों को उनके संसदीय पदों से बाहर करने का कदम अदालती कार्यवाही के बाद उठाया गया। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार इस महीने की शुरुआत में फैसलाबाद स्थित एक विशेष आतंकवाद-रोधी अदालत (एटीसी) ने 09 मई के विरोध प्रदर्शनों से संबंधित मामलों में शीर्ष पीटीआई नेताओं को 10 साल तक की जेल की सजा सुनाई थी। अदालत ने अयूब, सीनेट में विपक्षी नेता शिबली फराज, जरताज गुल, एमएनए साहिबजादा हामिद रजा और पूर्व एमएनए शेख राशिद



शफीक समेत 108 पीटीआई नेताओं दोषी ठहराया था। विपक्षी नेता को आवंटित कक्ष भी पार्टी से वापस ले लिया गया। नए विपक्षी नेता की नियुक्ति के लिए विपक्ष और स्पीकर के बीच विचार-विमर्श चल रहा है। पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को संसदीय नेता और उप-संसदीय नेता के पदों के लिए नए नामांकन प्रस्तुत करने होंगे। अयूब को लोक लेखा समिति और वित्त समिति से भी बाहर कर दिया गया है। नेशनल असेंबली ने पीटीआई के सात सांसदों की 15 स्थायी समितियों की सदस्यता भी वापस ले ली है। साहिबजादा हामिद रजा को मानवाधिकार संबंधी स्थायी समिति के अध्यक्ष और राय हसन नवाज को रेलवे संबंधी स्थायी समिति के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। यह बदलाव पाकिस्तान चुनाव आयोग के पीटीआई के कई सदस्यों को अयोग्य ठहराए जाने के बाद किए गए हैं।

## 20 साल के शख्स ने बनाया नया 'देश', 400 नागरिक और अपनी करेंसी

एजेंसी

**न्यूयॉर्क ।** एक 20 साल के युवा एरिक लिस् ने यूरोप में डेन्यूब नदी के किनारे एक नया देश 'फ्री रिपब्लिक ऑफ वर्दिस' बनाने का



दावा किया है। एरिक ने क्रोएशिया और सर्बिया की सीमा पर स्थित 7 वर्ग किलोमीटर की खाली जमीन पर इस देश की स्थापना की है। उन्होंने दावा किया है कि उनके देश के करीब 400 नागरिक हैं, जो ऑनलाइन आवेदन करके इसका हिस्सा बने हैं।

एरिक ने अपने नए देश के लिए एक कैबिनेट का भी गठन किया है, जिसमें उन्होंने फेसबुक ग्रुप्स के जरिए मंत्रियों का चयन किया है। वर्दिस की अपनी करेंसी भी है, जिसका नाम है 'एटोम'। एरिक के मुताबिक, उनका देश एक शांतिपूर्ण और उदारवादी गणराज्य है, जो किसी भी अंतरराष्ट्रीय विवाद से दूर रहना चाहता है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने अभी तक 'फ्री रिपब्लिक ऑफ वर्दिस' को एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में मान्यता नहीं दी है।

# थाईलैंड मंत्रिमंडल ने दी चीन, स्वीडन के साथ रक्षा सौदों की मंजूरी

एजेंसी

**बैंकॉक।** थाईलैंड सरकार ने चीन और स्वीडन के साथ रक्षा सौदों को मंजूरी दी है जिसमें स्वीडिश ग्रिपेन लड़ाकू विमानों, दो विदेशी निर्मित युद्धपोत और चीन के साथ एक पनडुब्बी सौदे को अंतिम रूप देना शामिल है। द नेशन ने अपनी एक रिपोर्ट में जानकारी दी है।

जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वीडिश लड़ाकू विमान अमेरिकी एफ-16 विमानों की जगह लेंगे जो 37 वर्षों से थाई वायु सेना में सेवारत हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस खरीद में तीन सिंगल-सीट एसएएबी जेएएस-39 ग्रिपेन ई विमान और एक दो-सीट ग्रिपेन एफ विमान, साथ ही सहायक प्रणालियाँ और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध उपकरण शामिल हैं। विमान आधुनिक मेटियोर एयर-टू-एयर मिसाइलों और अन्य हथियारों से लैस होंगे।रिपोर्ट में कहा गया है कि इन 12 विमानों की कुल लागत 60 अरब थाई



बाहत (1.85 अरब डॉलर) होने का अनुमान है।

रिपोर्ट के अनुसार कैबिनेट ने थाई नौसेना के लिए 35 अरब थाई बाहत की लागत से दो युद्धपोत खरीदने को भी मंजूरी दी है। यह खरीद कथित तौर पर नौसेना की रणनीतिक योजना का हिस्सा है जिसके तहत 2037 तक आठ युद्धपोत हासिल करने की योजना है ताकि थाईलैंड की खाड़ी और अंडमान सागर दोनों में देश की समुद्री सुरक्षा को मज़बूत किया जा सके।रिपोर्ट के अनुसार कैबिनेट ने एस26टी पनडुब्बियों की खरीद के अनुबंध में संशोधन को भी मंजूरी दी है, जिसके तहत इंजन के विनिर्देशों को बदलकर चीन निर्मित सीएचडी 620 मॉडल का इस्तेमाल किया जाएगा। डिलीवरी की तारीख बढ़ा दी गई है और पहली पनडुब्बी 2030 में आने की उम्मीद है। रिपोर्ट में बताया गया है डीज़ल पनडुब्बियों के लिए अनुबंध पर थाईलैंड ने मूल रूप से चीन की सरकारी स्वामित्व वाली चाइना शिपबिल्डिंग एंड ऑफशोर इंटरनेशनल कंपनी लिमिटेड के साथ 2017 में हस्ताक्षर किए थे और पहली पनडुब्बी 2023 में आपूर्ति की जानी थी। हालाँकि, जर्मनी ने चीन को रणनीतिक उपकरणों की आपूर्ति पर यूरोपीय संघ के प्रतिबंध के कारण थाईलैंड और चीन के बीच अनुबंध में निर्दिष्ट एमटीयू 396 इंजन की आपूर्ति करने से इनकार कर दिया है।

# हमारे अधिकारों को बुलडोजर तले रौंदा जा रहा : जियाउर्रहमान बर्क

## 65 लाख वोट बिहार के अंदर काट दिए जाएंगे तो फिर चुनाव ही कहां रह जाएगा : संभल सांसद

**मुरादाबाद।** बुलडोजर कार्रवाई सिर्फ घरों, दुकानों पर नहीं, हमारे अधिकारों पर चल रही है। हमारे अधिकारों को बुलडोजर तले रौंदा जा रहा है। व्यवस्थापिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका देश की तीन जगह ताकत को बांटा गया है लेकिन एक ही ताकत तीनों का काम कर रही है। यह बातें संभल लोकसभा से समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने शनिवार को एक टीवी चैनल को दिए वक्तव्य में कही।



सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने आगे कहा कि हम चाहते हैं कि देश का लोकतंत्र और अधिकार अपनी जगह कायम रहें। किसी को अधिकार नहीं है चाहे पुलिस-प्रशासन हो या सरकार सजा दे। सजा देने का काम देश की न्यायपालिका का है जिस पर हमें आंख बंद करके भरोसा है। हम इस देश की तमाम न्यायपालिका का सम्मान करते हैं, चाहे छोटी न्यायपालिका हो या सर्वोच्च न्यायपालिका हो लेकिन अगर किसी ने गलत किया है तो आप कार्रवाई सिर्फ इतनी कर सकते हैं लिखित पढ़त की, सजा देने का काम आपका नहीं है। सांसद जियाउर्रहमान ने कहा कि बार-बार न्यायपालिका इस बात को कहती रही सर्वोच्च न्यायालय कि बुलडोजर कार्रवाई बंद होनी चाहिए लेकिन अफसोस इस बात का है कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को भी बार-बार नजर अंदाज कर दिया जाता है।

सांसद बर्क ने कहा कि अगर वोट का अधिकार ही नहीं होता इस देश के अंदर तो फिर राजशाही और लोकतंत्र में फर्क क्या रह जाता।

हम चाहते हैं कि, जनता की चुनी हुई सरकार कायम रहे और यह तभी कायम रहेगा जब सब लोगों को अपने मतों को डालने का अधिकार होगा। अगर 65 लाख वोट बिहार के अंदर काट दिए जाएंगे तो फिर चुनाव ही कहां रह जाएगा।

हम चाहते हैं कि बिहार के साथ-साथ पूरे देश के अंदर लोकतंत्र स्थापित रहे, संविधान स्थापित रहे और उसके साथ-साथ जो अधिकार है, जनता को उसके द्वारा ही सरकार चुनी जानी चाहिए । वह अधिकार नहीं छिनना चाहिए।

### पिहानी में चेहल्लुम के जुलूस में देश भक्ति का रंग

**हरदोई।** मुहर्रम में चेहल्लुम पर शुक्रवार शाम भव्य जुलूस निकाला गया। दृश्य देखने लायक था। जुलूस देशभक्ति का संदेश दे रहा था। जुलूस में निकले लोग या हुसैन, या हुसैन के साथ हिदुस्तान जिंदाबाद के भी नारे लगा रहे थे। कई जगहों पर रुक-रुक कर इमाम हुसैन की शहादत का भी जिक्र हो रहा था। जुलूस में तिरंगा देशभक्ति की अनोखी तस्वीर बयां कर रही थी। पिहानी के रौजा सदर जहां पर शिया धर्मगुरु वजीहुल ने मजलिस में देशभक्ति का रंग घोल दिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश पर बलिदान शहीदों को याद कर शिया समुदाय के लोग जार जार रोये।

## स्वतंत्रता दिवस पर नगर विकास व ऊर्जा मंत्री ने नपं जहानागंज में 64 विकास कार्यों का किया शिलान्यास

**आजमगढ़।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने देर शाम नगर पंचायत जहानागंज में आयोजित कार्यक्रम में अमर शहीद के. के. सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मंत्री एके शर्मा ने कहा कि देश की आजादी वीर सपूतों के बलिदान और साहस की देन है, जिसे हम सदैव स्मरण करेंगे।

कार्यक्रम में नगर विकास व ऊर्जा मंत्री ने नगर पंचायत जहानागंज में ?24 करोड़ से अधिक लागत वाले 64 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।



इन परियोजनाओं में सड़क निर्माण, नालियों का निर्माण, पेयजल आपूर्ति योजनाएं, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना, वैश्विक नगरोदय योजना, झील व तालाब संरक्षण योजना और पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना शामिल हैं।

मंत्री ने नवनिर्मित नगर पंचायत कार्यालय का भी लोकार्पण किया, जो आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है और नागरिकों को नगर पंचायत से जुड़ी सेवाएं त्वरित और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराएगा।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विकास को गांव, कस्बे और शहर के हर कोने तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। आज के लोकार्पण और शिलान्यास से क्षेत्र का बुनियादी ढांचा मजबूत होगा और नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार आएगा।

कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### सरायइनायत पुलिस द्वारा 2 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**झूंसी प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त थरवई के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना सरायइनायत पर पंजीकृत चोरी से सम्बन्धित 2 वांछित अभियुक्त अमित पटेल पुत्र राम अभिलाष पटेल निवासी पुरूषोत्तमपुर गारापुर तकिया थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज . विमलेश यादव पुत्र स्व0 भूल्लू राम निवासी मनसैता थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना सरायइनायत पुलिस टीम द्वारा दिनांक-13.08.2025 को थाना सरायइनायत क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रामापुर के पास से मुकदमा उपरोक्त में सम्बन्धित चोरी की एक लोहे की प्लेट के साथ गिरफ्तार किया गया । उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्तों द्वारा दिनांक-11.08.2025 को थाना सरायइनायत क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रामापुर स्थित रिंग रोड का निर्माण कार्य हेतु रखे लोहे की प्लेट की चोरी कर लिया गया था, जिसके सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सरायइनायत पर मु0अ0सं0-283/25 पंजीकृत किया गया था।

## कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर नोएडा के विभिन्न जगहों पर रहेगा रूट डायवर्जन

**नोएडा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व गौतमबुद्ध नगर के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर इस्कॉन मंदिर, सेक्टर-33 एवं सनातन धर्म मंदिर, सेक्टर-19 में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाना है।उक्त कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना है, जिसके दृष्टिगत यातायात पुलिस ने त्योहार के दिन रूट डायवर्जन किया है।

पुलिस उपायुक्त यातायात लखन सिंह यादव ने बताया कि एनटीपीसी अण्डरपास चौराहा से गिझौड़ चौराहा की ओर तथा गिझौड़ चौक से एनटीपीसी की ओर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। जिन वाहनों को गिझौड़ चौराहा से अट्टा अण्डरपास की ओर आना है, वे वाहन गिझौड़ चौराहा से बांये मुड़कर होशियारपुर तिराहे से दाहिने मुड़कर सिटी सैन्टर/गिझौड़ चौक से दाहिने मुड़कर समरविला तिराहा होकर अपने गन्तव्य स्थान को जा सकते हैं तथा जिन वाहनों को कार्यक्रम स्थल की ओर (इस्कॉन मंदिर) आना है, वे वाहन एडोब बिल्डिंग के बराबर में बनी पार्किंग में अपने वाहन पार्क कर पैदल मंदिर में प्रवेश करेंगे। वीवीआईपी पार्किंग में जाने वाले वाहन सेक्टर 33/34 तिराहा से प्रवेश कर शिल्प हॉट पार्किंग में अपने वाहन खड़ा कर पैदल जा सकेंगे।

उन्होंने बताया कि जिन वाहनों को सेक्टर 31/2जजखज 5 चौराहा से गिझौड़ चौराहा होते हुए सेक्टर-60, सेक्टर-62, इन्दिरापुरम् गाजियाबाद की ओर जाना है, वे वाहन सेक्टर 31/25 चौराहा से स्पाईस मॉल चौराहा से एडॉब चौक, सेक्टर-22, सेक्टर-23, सेक्टर-54 तिराहा से गिझौड़ चौराहा होते हुए अपने गन्तव्य स्थान को जा सकेंगे। डीसीपी ने बताया कि एलिवेटेड रोड के ऊपर यातायात निर्बाध रूप से चलता रहेगा। दिनांक 16 अगस्त को इस्कॉन/एनटीपीसी लूप से यातायात का उतरना व चढ़ना प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने बताया कि दिनांक 16 अगस्त को गिझौड़ से इस्कॉन मन्दिर की ओर तथा सेक्टर 31/25 से गिझौड़ की ओर वाहन नहीं जा सकेंगे।

डीसीपी ने बताया कि सनातन धर्म मंदिर सेक्टर 19 मे आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए डायवर्जन किया जाने वाला रूट इस प्रकार से होगा, सेक्टर 19/27 डीएम चौक से रायरेजीडेन्सी के मध्य एवं डीएम चौक से टेलीफोन एक्सचेंज की ओर वाहनों का आवागमन स्थिति के अनुसार प्रतिबंधित किया जायेगा।

संदीप पेपर मिल चौक व गोलचक्कर चौक के मध्य वाहनों का आवागमन स्थिति के अनुसार प्रतिबन्धित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कृपया असुविधा से बचने हेतु वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें। यातायात सम्बन्धित जानकारी हेतु यातायात हेल्पलाइन नम्बर 9971009001 पर संपर्क कर सकते है।

### "आजादी और आनन्दोत्स्व" , एक मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया





**दिव्य दिल्ली :** आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर दी ओम फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट ने नारायणा विहार के कम्यूनिटी सेंटर हॉल में "आजादी और आनन्दोत्स्व" , एक मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ट्रस्ट द्वारा चलाई जा रही ओम पाठशाला में निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र छात्राओं का मनोबल बढ़ाना था और बच्चों में देश के प्रति प्रेम, देश भक्ति की भावना और ईश्वर के प्रति श्रद्धा की भावना उजागर करना था । संस्था की अध्यक्ष रश्मि मल्होत्रा सूर्यपुत्री ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने हमें गुलामी से आजादी दिलाई। और भगवान श्री कृष्ण ने भगवद् गीता द्वारा बुरे कर्मों से आजादी दिलाई । इसलिए आज हम दोनों उत्सव, स्वतंत्रता दिवस और श्री कृष्ण जन्माष्टमी, हर्षोल्लास से मना रहे हैं। बच्चों ने कविताएं सुना कर , सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। बच्चों को उपहार देकर उन्हें प्रोत्साहित भी किया गया। कार्यक्रम में संस्था के उपाध्यक्ष श्री कुनाल बहल उपस्थित रहे।अध्यापिकाए पूनम ,मोनिका, और प्रवीण सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी पूरी भूमिका निभाई। कार्यक्रम के पश्चात सभी को लड्डुओं का प्रसाद दे कर कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया और नाश्ता भेंट किया गया।

### कृष्ण जन्मोत्सव के पावन पर्व पर प्रसाद वितरण का आयोजन किया



**दिव्य दिल्ली :** फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा की ओर से सदर बाजार के कुतुब रोड चौक पर कृष्ण जन्मोत्सव के पावन पर्व पर प्रसाद वितरण का आयोजन किया जिसमें फेडरेशन के अध्यक्ष राकेश यादव, उपाध्यक्ष रमेश सचदेवा, बड़ी मार्केट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, वरिंदर आर्य,सचिव अभय सभरवाल,शेखर गोगिया सहित अनेक व्यापारी नेता उपस्थित थे। परमजीत सिंह पम्मा की जन्माष्टमी की बधाई न केवल एक धार्मिक अवसर को मनाने का एक तरीका है, बल्कि यह समाज में एकता और सौहार्द को बढ़ावा देने का भी एक अवसर है। उनके संदेश से लोगों को भगवान कृष्ण की शिक्षाओं को समझने और उनके जीवन में उतारने की प्रेरणा मिलती है। परमजीत सिंह पम्मा ने जन्माष्टमी के अवसर पर सभी को बधाई दी है। इस पावन अवसर पर, उन्होंने भगवान कृष्ण की शिक्षाओं को अपनाने और उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। परमजीत सिंह पम्मा के अनुसार, भगवान कृष्ण की शिक्षाएं हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करती हैं।

### श्री बृजराज स्वामी मंदिर मेले में विशेष लंगर का आयोजन, श्रद्धालुओं ने पाया प्रसाद



**दिव्य दिल्ली : नूरपुर (विनय महाज)**

नूरपुर। प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय जन्माष्टमी मेले के अवसर पर नूरपुर के ऐतिहासिक श्री बृजराज स्वामी मंदिर परिसर में विशेष लंगर का आयोजन किया गया। यह परंपरा स्वर्गीय आर.के. महाजन द्वारा वर्षों पहले शुरू की गई थी, जिसे आज उनका परिवार पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से आगे बढ़ा रहा है। इस अवसर पर योगेश महाजन उर्फ. सुंदरी ने बताया कि भगवान श्री बृजराज स्वामी की कृपा से यह मेला आज एक विराट स्वरूप धारण कर चुका है और इसमें हजारों श्रद्धालु प्रतिवर्ष भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे परिवार का प्रत्येक सदस्य स्वर्गीय आर.के. महाजन द्वारा जनहित में चलाए गए इस अभियान को आगे बढ़ा रहा है। यह सब भगवान का आशीर्वाद है, जिनसे हमें प्रेरणा मिली और उसी के मार्गदर्शन से हम निरंतर समाज सेवा में जुटे हैं।

### धार कलां में शहीद राम सिंह पठानियां की स्मृति में खेल मेले का आगाज

**दिव्य दिल्ली : पठानकोट(करूनीत रंधावा)**

धार कलां के गांव डल्ला में वीर शिरोमणि शहीद राम सिंह मेमोरियल खेल कमेटी की ओर से शहीद राम सिंह पठानियां की स्मृति में आयोजित दो दिवसीय ऐतिहासिक खेल मेला बड़े ही हर्षोल्लास के साथ शुरू हुआ। मेले का शुभारंभ गांव की सरपंच श्रीमती अंजलि ठाकुर, समाजसेवक ठाकुर बरियाम सिंह और अध्यक्ष मुनीष सिंह हैप्पी डल्ला की अध्यक्षता में किया गया। खेल मेला शुरू करने से पूर्व गांववासियों व समिति सदस्यों ने धार चौक पर स्थापित शहीद राम सिंह पठानियां की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। पहले दिन पेंडु खेलों का आयोजन हुआ।

## भव्य शोभा यात्रा के साथ शुरू हुआ राज्य स्तरीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

**दिव्य दिल्ली : नूरपुर (विनय महाजन)**



**नूरपुर।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने शुक्रवार को नूरपुर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा चौगान से होते हुए श्री बृजराज स्वामी मंदिर में संपन्न हुई, जिसकी अगुवाई स्वयं कृषि मंत्री ने की। पारंपरिक पगड़ी धारण कर मंत्री शोभायात्रा में शामिल हुए और इसके उपरांत मंदिर में पूजा-अर्चना करने के साथ मटकी फोड़ प्रतियोगिता में भी भाग लिया। इस मौके पर राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के उपाध्यक्ष विशाल चंबियाल, वन विकास निगम के निदेशक योगेश महाजन और रेलवे बोर्ड (नॉर्थ जोन) के सदस्य दीपक भारद्वाज भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में कृषि मंत्री ने जन्माष्टमी और स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन विशेष है क्योंकि हम एक ओर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का उत्सव मना रहे हैं तो दूसरी ओर स्वतंत्रता दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों को नमन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण ने मानवता के कल्याण के लिए गीता का अमूल्य संदेश दिया, जो आज भी प्रासंगिक है और हमें सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कर्म करने की प्रेरणा देता है। मंत्री ने श्री बृजराज स्वामी मंदिर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व का उल्लेख करते हुए आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम अरुण शर्मा और मंदिर ट्रस्ट की ओर से कृषि मंत्री को शॉल, टोपी और भगवान श्री बृजराज स्वामी का चित्र भेंटकर सम्मानित किया गया। एसडीएम अरुण शर्मा ने मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि यह पर्व क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति और आस्था का प्रतीक है। कार्यक्रम में फौलादी बैंड, पंजाबी गायक गौरव कौंडल और स्थानीय कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मनोरंजन किया। मौके पर अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपाली गंभीर, डीएसपी विशाल वर्मा, तहसीलदार राधिका सैनी, डीएफओ निशांत पराशर, बीडीओ अशोक कुमार, मंदिर समिति अध्यक्ष दविंदर शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### पौंग डैम से छोड़ा पानी, भोग्रवां गांव में बहा दो मंजिला मकान

**दिव्य दिल्ली : नूरपुर (विनय महाजन)**

पौंग बांध से छोड़े गए पानी ने अब लोगों के आशियाने अव प्रदेश के इंदौरा और बडूखर क्षेत्र में उजाड़ने शुरू कर दिए हैं। मंड क्षेत्र के मंड भोग्रवां गांव में व्यास नदी का जल स्तर अचानक बढ़ने से कई एकड़ जमीन पानी में समा गई है। इस दौरान एक बहुमंजिला मकान भी खतरे की जद में आ गया है, जिसे प्रशासन ने समय रहते पहले ही खाली करवा दिया है।उधर इस मामल में कुछ लोगों कहना है कि बारिश के दौरान पोंग बांध में पानी छोड़ जाने के बाद यह स्थिति पैदा हुई है' इस मामले में इंदौरा एसडीएम सुरेंद्र ठाकुर का कहना है कि दो मंजिला मकान भोगरवा मैं जिस परिवार का पानी मे वह गया है वह अधिकांश दिल्ली में रहता हैं केवल इनका यहां पर सामान था' आज पोंग बांध में पानी छोड़े जाने के बाद दो मंजिला का मकान वह गया ' उन्होंने स्पष्ट किया कि मकान मालिक का नाम राजेंद्र पुत्र बलदेव फिर भी इंदौरा प्रशासन द्वारा इनको पूरी राहत दी जा रही है।

### धूमनगंज पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 1 बन्दूक 12 बोर बरामद

प्रयागराज । थाना धूमनगंज पुलिस द्वारा आयुध अधिनियम व 11( 1)(छ) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम से सम्बन्धित 01 वांछित अभियुक्त ओमकार सिंह पुत्र रूपसिंह निंवासी ईडब्लूएस 30/31 ए0डी0ए0 कालोनी देवप्रयागम झलवा थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया ।

### जन्माष्टमी मेले को प्रदेश स्तर तक पहुँचाने में स्व. आर.के. महाजन का बड़ा योगदान

**दिव्य दिल्ली : नूरपुर (विनय महाजने)**

गौरव महाजन, पुत्र स्वर्गीय राकेश महाजन एवं वार्ड नंबर 4 के नगर पार्षद, नूरपुर ने एक शिष्टाचार वार्ता में बताया कि प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय जन्माष्टमी मेले के आयोजन को वे अपने पूज्य पिताजी स्वर्गीय आर.के. महाजन द्वारा जनहित में लगाए गए पौधे की निशानी मानते हैं। उन्होंने कहा कि पुरातत्व विभाग की सीमा में स्थित विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक श्री बृजराज स्वामी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था का शुभारंभ उनके पिताजी ने किया था और आज उनका परिवार उसी सेवा भाव के अभियान को पूरी तरह जनता की सेवा में समर्पित है। गौरव महाजन ने कहा कि उनके सपनों को सफल बनाना परिवार के हर सदस्य का कर्तव्य है। स्वर्गीय आर.के. महाजन द्वारा प्रारंभ किए गए इस अभियान को वे निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं और भविष्य में भी इसे जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि यह सेवा कार्य उन्हें श्री बृजराज स्वामी की प्रेरणा और आशीर्वाद से प्राप्त हुआ है। गौरव महाजन ने बताया कि इस मंदिर में लगने वाले जन्माष्टमी पर्व एवं मेले को प्रदेश स्तरीय पहचान दिलाने में स्वर्गीय आर.के. महाजन का अभूतपूर्व योगदान रहा है, जिसे नूरपुर की जनता भली-भांति जानती और मानती है।

## विकासखंड नगरोटा सूरियां में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**दिव्य दिल्लीः नगरोटा सूरियां ( प्रेम स्वरूप शर्मा)**

विकासखंड नगरोटा सूरियां में आज स्वतंत्रता दिवस मनाया गया जिसमें ब्लॉक समिति के उपाध्यक्ष धीरज यात्री वह कई अन्य बीडीसी मेंबर उप प्रधान व कई प्रधानों ने इसमें भाग लिया जिसमें ब्लॉक समिति के उपाध्यक्ष धीरज अत्रि ने तिरंगा झंडा लहराया धीरज यात्री ने कहा कि बड़े अफसोस की बात है कि हम यहां पर नगरोटा सूरियां विकासखंड कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहे हैं और प्रशासन और विकास खंडाधिकारी यहां नहीं है इससे दुख की बात और क्या हो सकती है हमने प्रशासन से मांग की है कि जो विकासखंड अधिकारी नगरोटा सूरियां कार्यालय में ना आकर लोगों के साथ अन्य कर रहे हैं उन्होंने बताया कि विकासखंड अधिकारी ज्वाली में बैठ रहे हैं जबकि पंचायत समिति अध्यक्ष व उपाध्यक्ष नगरोटा सूरियां विकासखंड कार्यालय में बैठकर अपना काम चला रहे हैं उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर पर भी विकासखंड अधिकारी नगरोटा सूरियां नहीं पहुंची इसका हमें बेहद अफसोस है उन्होंने कहा कि ना तो ज्वाली हमें बैठने के लिए कोई स्थान है और ना ही हमें किसी ने कोई पत्र दिया है परंतु हम लोगों की समस्याओं को नगरोटा सूरियां के विकासखंड कार्यालय में बैठकर सुनते हैं अध्यक्ष और उपाध्यक्ष और अन्य बीडीसी मेंबर भी यहां पर उपस्थित रहते हैं इस अवसर पर कथोली पंचायत के प्रधान बेदी खबर पंचायत की महिला प्रधान और कई पंचायत के उपप्रधान और वार्ड पंच उपस्थित रहे



# हुमा कुरैशी

## के परिवार में कौन-कौन हैं एक्टर? बच्चों को लेकर डर में जीती थीं मां



बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री हुमा कुरैशी के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है. उनके चचेरे भाई आसिफ कुरैशी की दिल्ली में उनके घर के बाहर बेरहमी से हत्या कर दी गई है. इस खौफनाक वारदात के बाद से पूरा कुरैशी परिवार गहरे सदमे में है. हुमा का पूरा परिवार दिल्ली में रहता है, जहां उनके पिता सलीम कुरैशी का सफल रेस्तरां का कारोबार है. वहीं, उनके भाई आसिफ का मीट सप्लाई का बिजनेस थे.कुरैशी परिवार में हुमा पहली सदस्य हैं, जिन्होंने बिजनेस या नौकरी से हटकर एक्टिंग की राह चुनी और बॉलीवुड में अपनी खास पहचान बनाई. अपनी बहन को मिली सफलता को देखते हुए उनके भाई साकिब सलीम ने भी एक्टिंग में अपनी किस्मत आजमाने का फैसला किया. ये दोनों भाई-बहन अपने परिवार से दूर मुंबई में रहते हैं.

**कारोबारी परिवार से आते हैं हुमा-साकिब**

हुमा कुरैशी के पिता सलीम कुरैशी 'सलीम्स' नामक रेस्टोरेंट चेन के मालिक हैं, जो काफी मशहूर है. हुमा की मां अमीना एक सैलून चलाती हैं. हुमा के दो भाई हैं. हुमा के दो भाई नईम कुरैशी और हसीन कुरैशी ने खुद को एक्टिंग से दूर रखा है. वे दोनों अपने बिजनेस में व्यस्त हैं. हुमा के पापा सलीम कुरैशी ने बताया कि उनके भतीजे आसिफ मीट सप्लाई का बिजनेस करते हैं. वो दिल्ली के कई होटलों और रेस्तरां में चिकन और मीट सप्लाई करते थे.

**डर गया था परिवार**

शुरुआत में हुमा और साकिब के माता-पिता उनके अभिनय के सपने को लेकर हैरान और थोड़े डरे हुए थे, खासकर इसलिए क्योंकि उनका फिल्मी दुनिया से कोई संबंध नहीं था. उन्होंने फिर भी अपने बच्चों की इच्छा का सम्मान किया और उन्हें अपने सिनेमाई सपनों को पूरा करने के लिए मुंबई जाने की अनुमति दे दी.

हाल ही मेंहुमा कुरैशी ने एक व्लॉग पर फिल्म निर्माता-कोरियोग्राफर फराह खान के साथ बातचीत के दौरान इस बारे में खुलकर बात की. उन्होंने बताया, हमारी मां खासकर बहुत डरी हुई थीं, क्योंकि हम मुंबई में किसी को नहीं जानते थे. उन्होंने आगे कहा, हमारे माता-पिता दोनों को ये चिंता थी कि हम मुंबई में कैसे गुज़ारा करेंगे. मैंने सबसे पहले मेरे एक्टिंग करने के फैसले के बारे में उन्हें बताया और फिर छह महीने बाद मेरे भाई साकिब ने भी यही किया.

# माधुरी दीक्षित

## की खूबसूरती को देखते ही इस एक्टर ने कर ली थी फिल्म साइन, नहीं ली कोई फीस



बॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित ने अपनी एक्टिंग के साथ ही फैंस को अपने डांस और खूबसूरती से भी दीवाना बनाया है. माधुरी दीक्षित की खूबसूरती पर भी तमाम फैंस फिदा रहे हैं. एक एक्टर तो ऐसा भी रहा है, जिसने माधुरी की खूबसूरती को देखते ही फिल्म साइन कर ली थी. हैरानी की बात तो ये है कि एक्टर ने उस पिक्चर के लिए कोई फीस भी नहीं ली थी. तो चलिए जानते हैं कि वो अभिनेता कौन है?माधुरी दीक्षत ने बॉलीवुड में 40 साल पहले अपनी शुरुआत की थी. चार दशक पहले उन्होंने साल 1984 की पिक्चर 'अबोध' से डेब्यू किया था. करियर की शुरुआत में ही उन्होंने अभिनेता शेखर सुमन के साथ काम किया था. दोनों फिल्म 'मानव हत्या' (1986) में नजर आए थे. लेकिन वो पहले इस फिल्म में काम करने के लिए राजी नहीं थे.





**माधुरी की खूबसूरती को देखते ही साइन की फिल्म**

कुछ साल पहले दैनिक भास्कर के साथ बातचीत में शेखर सुमन ने बताया था कि फिल्म 'मानव हत्या' के डायरेक्टर सुदर्शन के रतन ने उन्हें फोन किया था. उन्होंने फिल्म ऑफर की. लेकिन, उन्होंने कहा था कि पैसे नहीं दे पाऊंगा. अभिनेता के मुताबिक डायरेक्टर एक तो उन्हें पैसे नहीं दे रहे थे और ऊपर से हीरोइन (माधुरी दीक्षित) भी उस समय नई थी.

सुदर्शन ने शेखर को बताया था कि एक्ट्रेस नई है और उन्होंने राजश्री के साथ अबोध में काम किया है. शेखर ने कहा, पैसे देंगे नहीं, हीरोइन भी जमी जमाई नहीं है, तब कैसे करूंगा. लेकिन, इसके बाद जब उन्होंने माधुरी को देखा तो उनका मन बदल गया. फिर सुदर्शन ने पूछा, काम करोगे? इस पर अभिनेता ने कहा, खूबसूरत है, दौड़ते हुए काम करूंगा.

## फिर सामने आने लगी कटरीना कैफ की प्रेग्नेंसी की खबर, वीडियो से लगा लोगों को पता, अनाउंसमेंट पोस्ट का खुला राज



बॉलीवुड के कुछ-कुछ कपल्स ऐस हैं, जो फैंस के साथ ही साथ इंडस्ट्री के भी पसंदीदा जोड़ियों में शामिल हैं. उनमें ही नाम शामिल है कटरीना कैफ और विकी कौशल का, जिन्होंने अपने रिश्ते को काफी वक्त तक लोगों की नजरों से छिपाया था. लेकिन, साल 2021 में दोनों शादी के बंधन में बंध गए थे. हालांकि, शादी के काफी वक्त के बाद से लोगों का सवाल शुरू हुआ कि आखिर ये कपल गुड न्यूज कब देने वाला है, लेकिन अब लगता है कि उसका वक्त आ गया है.कटरीना कैफ का हाल ही में एक वीडियो काफी ज्यादा वायरल हो रहा है, जिसको देखने के बाद से ही एक्ट्रेस की प्रेग्नेंसी की खबर को हवा मिलनी शुरू हो गई है. वीडियो को देखने के बाद से एक्ट्रेस के फैंस ने ये अंदाजा लगाना शुरू कर दिया है कि कपल अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं. साथ ही सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस की वीडियो के अलावा एक पोस्ट भी तेजी से सर्कुलेट हो रहा है, जिसमें कहा जा रहा है कि ये पोस्ट कटरीना-विकी की तरफ से उनकी प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट है.

**क्या है अनाउंसमेंट पोस्ट का सच?**

पोस्ट में केवल बेबी के वेलकम की ही नहीं बल्कि ये तक बात बता गई है कि अक्टूबर या नवंबर तक दोनों अपने पहले बच्चे का वेलकम कर सकते हैं. हालांकि, फैक्ट चेक के जरिए ये पता लगाया है कि प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट की ये पोस्ट बिल्कुल फेक है. दोनों ही एक्टर्स की तरफ से ऐसी कोई भी अनाउंसमेंट नहीं की गई है. वायरल वीडियो की बात करें, तो उस वीडियो में एक्ट्रेस ने काफी लूज व्हॉइट कलर की शर्ट पहनी हुई थी. जिसके बाद से इस तरह की खबरों को हवा मिल गई.

**एक्ट्रेस की पब्लिक अपीयरेंस है कम**

हालांकि, कटरीना और विकी कौशल को लेकर इस तरह की खबर कई बार पहले भी फैल चुकी हैं. लेकिन, इस बार लोगों को इस खबर के सच होने के आसार काफी ज्यादा लग रहे हैं. हालांकि, इसमें कितनी सच्चाई है वो तो एक्टर्स ही बता सकते हैं. फिल्मों की बात करें, तो कटरीना पिछली बार 'मेरी क्रिसमस' में दिखी थीं, जो कि जनवरी, 2024 में आई थी. उसके बाद से एक्ट्रेस लोगों के बीच भी काफी कम बार दिखीं. कपल की बात की जाए, तो ये साथ में एक्टर की फिल्म 'छावा' के प्रीमियर पर साथ दिखे थे.

## सलमान खान के क्लोदिंग ब्रांड के लिए साथ आया परिवार, फोटोशूट में दिखा स्टाइलिस्ट अंदाज



**सलमान खान हमेशा अपने परिवार के लिए खड़े नजर आते हैं. उन्होंने अपने भाईयों से लेकर परिवार के बच्चों तक के करियर को संवारने की कोशिश की है. इसी बीच सलमान ने एक फोटो शेयर किया है, जिसमें वो अपने तीनों भाई, बड़ी बहन और परिवार के बच्चों के साथ नजर आ रहे हैं.**

सलमान खान की फिल्मों के साथ-साथ उनका परिवार भी हमेशा सुर्खियों में छाया रहता है. सलमान हमेशा अपनी फिल्मों और अपने बिजनेस में अपने परिवार के लोगों को अक्सर शामिल करते हैं. हाल ही में सलमान खान ने अपने क्लोदिंग ब्रांड के लिए एक नया फोटोशूट करवाया है. इस फोटोशूट में सुपरस्टार के साथ उनके परिवार के लोग भी नजर आ रहे हैं, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है.

सलमान खान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक नया पोस्ट शेयर किया है, जिसके साथ उन्होंने एक तस्वीर भी शेयर की है. सलमान के अलावा इस फोटो शूट में सलमान के भाई सोहेल और उनका बेटा निर्वाण, भाई अरबाज और उनका बेटा अरहान, बहन अलवीरा और उनका बेटा अयान और बेटी अलिजेह भी नजर आ रहे हैं.

**सलमान खान का क्लोदिंग ब्रांड**

सलमान खान ने अपने परिवार के साथ ये फोटोशूट अपने क्लोदिंग ब्रांड के लिए करवाया है. इस फोटोशूट को शेयर करते हुए सुपरस्टार ने लिखा, 'इससे फर्क नहीं पड़ता है कि हम कितने अलग हैं, हम एक दूसरे के साथ सही हैंय यह बात आपकी अलमारी भी कहती है. वहां सभी कपड़े एक साथ होते हैं. हमारे यहां हर तरह के कपड़े हैं.' सलमान खान ने अपने पोस्ट में कई ब्रांड को टैग किया है.

**स्टाइलिस्ट अंदाज में दिखा खान खानदान**

सलमान का शेयर की गई तस्वीर को फैन्स काफी पसंद कर रहे हैं. खान खानदान के सभी बच्चे कूल अवतार में नजर आ रहे हैं. सभी का स्टाइलिस्ट अंदाज ये साबित कर रहा है कि सलमान के क्लोदिंग ब्रांड का कलेक्शन शानदार होने वाला है.

फैन्स सलमान और उनके परिवार की तारीफ करते हुए नजर आ रहे हैं. यूजर्स सलमान के लिए लिख रहे हैं कि वो हमेशा अपने परिवार को साथ लेकर चलते हैं. एक यूजर ने उन्हें फैमली मैन कहा तो एक यूजर ने लिखा, सलमान एक्टर होने के साथ-साथ एक बिजनेसमैन भी हैं.

# प्रेरणा फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'प्रेरणा अवार्ड सेरेमनी' में महिलाओं और युवाओं को किया गया सम्मानित







**दिव्य दिल्ली :** आदर्श नगर स्थित अमन होटल में प्रेरणा सोशल डेवलपमेंट एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा प्रेरणा अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था के संस्थापक पलविंदर सिंह ने किया।इस अवसर पर प्रेरणा फाउंडेशन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही सभी महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में मौजूद युवाओं ने ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव को लेकर जागरूकता फैलाई और उपयोगी टिप्स साझा किए।प्रेरणा फाउंडेशन एक सामाजिक संस्था है जो महिलाओं को निःशुल्क सिलाई मशीन एवं ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण प्रदान कर रही है, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल रहा है।वर्ष 2002 से सक्रिय यह संस्था अब तक 20,000 से अधिक बच्चों को शिक्षा से जोड़ चुकी है और समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए निरंतर कार्यरत है सेरेमनी के अंत में संस्था में प्रशिक्षण दे रही टीचर्स को भी अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया।

## विनय सहरावत ने बच्चों की शिक्षा हेतु खोला विशेष केंद्र

**दिव्य दिल्ली :** हरियाणा के बिलासपुर पथरेड़ी गांव में यशा फाउंडेशन की ओर से स्वतंत्रता दिवस, ओर कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर गरीब बच्चों के लिए शिक्षा केंद्र का उद्घाटन किया गया ,इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन यशा फाउंडेशन के चेयरमैन विनय सहरावत ने किया। विनय सहरावत ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि संस्था का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा गरीब बच्चों को स्कूलों में शिक्षा उपलब्ध कराना है, ओर शिक्षा के साथ उनको अच्छी नौकरी ओर जीवन को सक्षम बनाना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष



न्यास के राष्ट्रीय मंत्री व बिहार के सह प्रभारी आशु चौहान सहित कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष महिपाल बिड़लान भी मौजूद रहे। साथ ही श्री कृष्ण जन्मभूमि के सदस्य मनोज कुशवाहा वीरेंद्र सहरावत उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चो के द्वारा सांस्कृतिक संगीत और नृत्य की कला का प्रदर्शन किया गया। जिसके बाद आशु चौहान ने यशा फाउंडेशन की तारीफ करते हुए यशा फाउंडेशन को 11000 हजार रुपए की राशि की आर्थिक मदद भी दी। साथ ही महिपाल बिड़लान ने भी यशा फाउंडेशन को श्री कृष्ण जन्मभूमि की ओर से यथा संभव मदद करने का पूर्ण आश्वाशन दिया है। साथ ही मनोज जी ओर श्री वीरेंद्र सहरावत जी ने भी गरीब बच्चों की मदद के लिए अपनी हर संभव मदद देने का वादा किया।

## प्रथमजीत को मिला दादा साहेब का अवॉड

**दिव्य दिल्ली** : स्मार्ट सिटी फरीदाबाद के युवा मॉडल एवं अभिनेता प्रथमजीत सिंह को प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के इंडियन टेलीविजन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया अवॉर्ड समारोह 2 फरवरी को आयोजित किया गया था, जहां प्रसिद्ध अभिनेत्री अदा खान द्वारा उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।फरीदाबाद लौटने पर प्रथमजीत का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस उपलब्धि पर उनके परिवार में खुशी का माहौल है। उन्होंने बताया कि इस मुकाम



तक पहुंचने में उनके परिवार का विशेष सहयोग रहा है। उनके पिता बसंत सिंह और मां गुरजीत कौर ने उन्हें हर कदम पर प्रोत्साहित किया। वहीं, उनकी मौसी हरप्रीत कौर जौहर और मौसा रूबीन कार्लेन, जो स्वयं पंजाबी गायक हैं, से उन्हें मॉडलिंग के क्षेत्र में प्रेरणा मिली।अब तक प्रथमजीत को कुल 111 अवॉर्ड मिल चुके हैं। उनका दावा है कि वह फरीदाबाद के पहले मॉडल हैं जिन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ है।प्रथमजीत ने अपने मॉडलिंग करियर की शुरूआत वर्ष 2022 में की थी और बिग बॉस व रोडीज विजेता प्रिंस नरूला द्वारा आयोजित मॉडलिंग शो में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इसके अलावा, उन्हें पिछले वर्ष आइफा मॉडल ऑफ द ईयर का अवॉर्ड भी मिला।वर्तमान में वह नवोदित प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। उनका कहना है कि कई युवा कलाकार ऐसे होते हैं जिनमें प्रतिभा तो होती है, लेकिन आर्थिक अभाव के कारण वे आगे नहीं बढ़ पाते। वह ऐसे युवाओं को सहायता और अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## वसंत कुंज एनक्लेव आर डब्ल्यू ए द्वारा 79 वें स्वतंत्रता दिवस मनाया गया





**दिव्य दिल्ली :** दिल्ली के वसंत कुंज एनक्लेव आर डब्ल्यू ए द्वारा 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन आर.डब्ल्यू.ए के महासचिव और श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास व बिहार के सह प्रभारी आशु चौहान के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में आर.डब्ल्यू.ए के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह और श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के महिपाल बिड़लान ने अपना भरपूर समर्थन दिया। इस कार्यक्रम में एशियन चैंपियनशिप से सिल्वर मेडलिस्ट जीविका टोकस का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों द्वारा ध्वजारोहण करके कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस अवसर पर सोसाइटी के बच्चों ने चित्रकला प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपनी कला प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों का सभी ने आनंद लिया। इस अवसर पर सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

## माताओं ने राधा कृष्ण बाल रूप में अपने बच्चों को किया तैयार

**दिव्य दिल्ली : प्रेम स्वरूप शर्मा (नगरोटा सूरियां)**





नगरोटा सूरियाँ और आस पास इलाकों में स्थित मंदिरों में आज कृष्ण जन्मअष्टमी पर्व बड़ी धूम धाम से मनाया गया। राधा कृष्ण के भजनों की गूंज रही। सुबह ही मंदरों में राधा कृष्ण के भक्तों ने भगवान के शीश नवाजने शुरू कर दिये। मंदिरों में श्रदा और आस्था रखने बाले भक्तों का तांता लगा रहा। भगवान राधा कृष्ण जी के भजनों का खूब भक्तों द्वारा भजन कीर्तन भी किए। नगरोटा सूरियाँ के मैन बजार और प्राचीन नृसिंह देव मन्दिर में भी कृष्ण जन्म अष्टमी पर्व श्रदा उल्लास से मनाया गया। उधर नन्द पुर भटोली, बरियाल, खब्बल, जरोट, घाड जरोट, लुदरेट, सुगनाडा, मसरुर, बिलासपुर सकरी, बासा, हरिपुर स्थित और भटोली फकोरियां राधा कृष्ण जी मन्दिर में, बंगोली, गुलेर, के अलावा अन्य इलाकों में आज ये पर्व धूम धाम से मनाया गया। कई बाल रूप में राधा कृष्ण के रूप में झांकी

## नोएडा स्पेशल स्कूल एंड थेरेपी सेंटर में स्वतंत्रता दिवस का जश्न बड़े ही धूमधाम से मनाया गया





**दिव्य दिल्ली :** नोएडा स्पेशल स्कूल एंड थेरेपी सेंटर में स्वतंत्रता दिवस का जश्न बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रिंसिपल अनीता, हरीश बब्बर और मुख्य अतिथि गुलशन सुमन की मौजूदगी में ध्वजारोहण से हुई। झंडा फहराते ही आभार व्यक्त करते हुए स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। प्रिंसिपल अनीता ने भी सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया और बच्चों का उत्साह बढ़ाया। वहीं हरीश बब्बर ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनके आने वाले शो में इस स्कूल के स्पेशल बच्चों की पहली परफॉर्मेंस होगी, जिसे लेकर वे बेहद उत्साहित हैं। कार्यक्रम का समापन बच्चों द्वारा तिरंगे के साथ किए गए शानदार रैंप वॉक से हुआ, जिसने दर्शकों का दिल मोह लिया।



## Action TESA ने Bhiwadi में आयोजित की विशेष कॉन्ट्रैक्टर मीटिंग

### कारपेंटर्स को दिया 'TESA सलाम'







**दिव्य दिल्ली :** दिल्ली के विकासपुरी स्थित के आर मंगलम प्राइवेट स्कूल में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरावस्था में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति और उसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना था। NCB के विशेषज्ञों ने छात्रों से अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि नशा कैसे जीवन और भविष्य को बर्बाद कर देता है। स्कूल की प्रिंसिपल प्रिया अरोड़ा ने इसे युवाओं को नशे से दूर रखने का सराहनीय प्रयास बताया। छात्रों ने भी इस पहल को बेहद लाभकारी माना और कहा कि कई बार नशे को




लेकर सही जानकारी युवाओं तक नहीं पहुंच पाती। NCB के उत्तरी क्षेत्र के उप महानिदेशक आनंद प्रकाश तिवारी ने कहा कि संस्था नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान लगातार जारी रखेगी। कार्यक्रम के अंत में छात्रों को शपथ दिलाई गई कि वे खुद नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इस खतरनाक आदत से बचाएंगे।

## अपहरण मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**दिव्य दिल्लीः नूरपुर (विनय महाजन)**

नूरपुर जिला पुलिस नूरपुर के अंतर्गत ज्वाली पुलिस थाने मे शिकायतकर्ता शेर अली पुत्र तेग अली गांव कलीजपुर डा० शालां, तहसील व जिला गुरदासपुर( पंजाब) की शिकायत पर ज्वाली पुलिस ने गत दिन एक मुकदमा दर्ज किया था' शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत में बताया गया कि गत दिनअपने परिवार के साथ अपने पशुओं को लेकर भढेला, नगरोटा सूरियां से ट्रैक्टर द्वारा गुरदासपुर जा रहा था तो हार पुल के पास ज्वाली की तरफ से एक काली स्कापियो नं0 खङ्ङ2उश 1312, इनके ट्रैक्टर के सामने आकर रुकी तथा स्कार्पियों से 4/5 व्यक्ति निकलें इन में से दो / तीन व्यक्तियों को यह जानता था।

## नांगलोई में भूमि पूजन और विशाल तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया।



**दिव्य दिल्ली :** रामलीला का आरंभ जल्द ही होने वाला जिसके चलते देशभर में भूमिपूजन आयोजित किए जा रहे हैं इसी कड़ी में दिल्ली के नांगलोई में स्थित कर्ण वाटिका में श्री रामलीला ट्रस्ट द्वारा रामलीला मंचन का आयोजन किया जा रहा हैं। इस रामलीला का मंचन श्री रामलीला ट्रस्ट के प्रधान अमित गौड़, महामंत्री महेशदत्त भारद्वाज और कोषाध्यक्ष सौरभ गुप्ता सहित सभी पदाधिकारियों के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर नांगलोई में भूमि पूजन और विशाल तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा में स्थानीय लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। यह यात्रा पूरे नांगलोई क्षेत्र में ढोल नगाड़ों के साथ निकाली गई। इस अवसर पर श्री राम भगवान, सीता माता और लक्ष्मण जी की विशेष झांकी भी देखने को मिली। आपको बता दें कि भारत के जन-जन का हृदय अयोध्या बनें इस हेतु वषार्नुवर्ष की भांति श्री रामलीला का भूमि पूजन एवं भव्य दिव्य मंचन आयोजन किया जा रहा है। यह रामलीला 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी।

## स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी के अवसर पर कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**दिव्या दिल्ली :** राजधानी दिल्ली के नांगलोई में एक उम्मीद फाउंडेशन द्वारा स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।ङ्क कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और



सरस्वती वंदना के साथ की गई। ङ्क इस अवसर पर एक उम्मीद स्पेशल स्कूल के विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण और देशभक्ति से संबंधित परफॉर्मेंस प्रस्तुत की।ङ्क कार्यक्रम का आयोजन स्कूल के संचालक निरंजन नोगिया मे किया गया... इस कार्यक्रम में अर्पिता नोगिया और सचिन सहित... एक उम्मीद स्पेशल स्कूल के सभी सदस्यों ने अपना भरपूर योगदान दिया।... इस अवसर पर अतिथि के तौर पर महेश चंद्र कौशिक,.. सतपाल, रुपेश, सरवेश मिश्रा, प्रियंका और सुनिता उपस्थित रहे।... कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। ..आपको बता दें कि एक उम्मीद स्पेशल स्कूल में स्पेशल बच्चों को शिक्षित किया जाता है।

## ब्यास दरिया में बाढ़ से प्रभावित परिवारों को प्रशासन ने समान सहित पंहुचाया सुरक्षित स्थान पर बांटी राहत सामग्री

**दिव्य दिल्ली : नूरपुर (विनय महाजन)**

नूरपुर पौंग बांध के छोड़े गये पानी से जंहा ब्यास दरिया अपने रौद्र रूप मे है तो? बही जिला व स्थानीय प्रशासन भी हालातो को देखते हुए अलर्ट मोड़ मे है विधानसभा फतेहपुर की ग्राम पंचायत रियाली के वार्ड नंबर 9 और 10 के कई परिवार ब्यास नदी के पानी से प्रभावित हो गये लोगो के घरो मे पानी घुस गया। जैसे ही इसकी सूचना एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती को मिली उन्होंने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नायब तहसीलदार रें अजय शर्मा की अगुबाई मे प्रशासनिक टीम को मोका पर भेजा प्रशासन ने तत्काल राहत और



बचाव अभियान शुरू किया। स्थानीय प्रशासनिक टीमों ने संयुक्त रूप से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और 23 प्रभावित परिवारों को उनके आशियाने मे पड़े समान सहित सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया व रियाली की अनाज मंडी मे बनाए शिविर मे ठेहराए है तस्वीरो के माध्यम से देखा जा सकता है कि किस तरहा लोगो को समान सहित बाहर निकाला जा रहा है एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती ने जानकारी देते हुए वताया की बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए प्रशासन की ओर से तरपाल सहित राहत सामग्री वितरित की गई, जिसमें आटा, चावल, दाल, चीनी, नमक, तेल और अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल है।


Published, printed and owned by Rajesh.Chauhan, printed at B B Graphic printer Z--57 Okhla Industrial Area ph.2 New Delhi -110020 and published at BG 6 305 B Paschim Vihar New Delhi --110063 Editor Rajesh.Chauhan. E mail ID-rajeshchauhan4569@gmail.com, Contact No. - 9873104569, RNI No DELENG/2013/54397